हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025

बीजापुर और कांकेर जिले में फोर्स ने माओवादियों को घेरा, मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद

बस्तर संभाग के दो जिलों में सशस्त्र जवानों ने गुरुवार को नक्सलियों पर बड़ा और करारा प्रहार किया। फोर्स ने 30 नक्सली मार गिराए। बीजापुर और कांकेर जिले में घटों चली मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद हुआ है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने बड़ी मात्रा में आटोमेटिक हथियार व विस्फोटक सामान बरामद किया गया है।

नक्सलियों पर बड़ा प्रहार
30 का संहार

बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद

- बीजापुर के एंड्री जंगल व कोयलीबेड़ा के जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़
- नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर 13 का सफाया सभी 26 नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/ बीजापुर/ कांकेर

जवानों को बीजापुर जिले में बड़ी कामयाबी मिली। यहां जवानों ने नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर 13 का सफाया करते हुए सभी 26 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी के जवान राजू ओयम शहीद हो गए। कांकेर जिले में हुई मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए हैं। पुलिस के अनुसार सुबह सात बजे से नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई, जो देर शाम तक जारी रही।

सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए जबरदस्त मुठभेड़ में कुल 30 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। यह मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर गंगालूर पुलिस थाने के अंतर्गत एण्ड्री वन क्षेत्र में हुआ, जिसमें 26 नक्सलियों को मार गिराया गया। वहीं 4 नक्सलियों को कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा इलाके में ढेर किया गया। जानकारी के मुताबिक, बीजापुर गंगालूर इलाके के अंड्री के जंगलों में जवानों ने नक्सलियों के बड़े कैडर्स की मौजूदगी की सूचना पर उनको घेरने के लिए एक बड़ा आपरेशन लांच किया था। ▶▶ शेष पेज 5 पर

यहां हुई नक्सलियों के साथ मुठभेड़

कांकेर जिले में अब तक 4 वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद किया जा चुका है। एसएसपी कांकेर इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि यह मुठभेड़ कांकेर व नारायणपुर जिले के सरहदी इलाका कुरूषकोड़ी, बिनागुंडा व पांगुर के जंगल में सुबह 8 बजे शुरू हुई, जो देर शाम तक रुक रुककर जारी रही। वहीं बीजापुर जिले के पीडिया से दक्षिण- पूर्व लगभग साढ़े 5 किमी एरियल डिस्टेंस पर बैलाडीला की पहाड़ियों पर पूरंगेल, गमपुर के त्रिकोण में एंड्री के जंगल में जवानों का नक्सलियों के साथ सामना हुआ। यह स्थान गंगालूर से एरियल डिस्टेंस 26 किमी है।

आपरेशन में ये टीम शामिल

बीजापुर जिले में हुए सफल आपरेशन में डीआरजी बीजापुर व सुकमा के अलावा एसटीएफ, बस्तर फाइटर, कोबरा व सीआरपीएफ का सयुंक्त टीम शामिल थी। वहीं कांकेर मुठभेड़ में डीआरजी कांकेर के अलावा बस्तर फाइटर व बीएसएफ की सयुंक्त टीम का नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। कांकेर जिले में हुए मुठभेड़ में 4 व बीजापुर जिले में हुए मुठभेड़ में अब तक 26 नक्सलियों का शव बरामद किया जा चुका है।

जवानों का डीआईजी व एसपी ने किया स्वागत

मुठभेड़ में शामिल जवान कई किमी पैदल चलकर जब बीजापुर लौट रहे थे, तब उनका डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप व एसपी बीजापुर जितेन्द्र यादव ने स्वागत करते हुए जवानों को सफलता के लिए बधाई दी। आईजी सुदंरराज पी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सरकार के मंशानुसार व जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाईटर, कोबरा, सीआरपीएफ, ▶▶ शेष पेज 5 पर

अभी नहीं हो पाई मारे गए नक्सलियों की पहचान

मारे गए सभी नक्सलियों के शवों के साथ ही एके 47, एसएलआर, इसांस रायफल के अलावा राकेट लांचर, बीजीएल लांचर, 303, 315 बोर, 12 बोर, भरमार समेत भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। दोनों जिले में हुए मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिनकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

किसने क्या कहा

नक्सलमुक्त भारत की दिशा में सफलता : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में एक बड़ी सफलता बताया। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध कड़े रुख के साथ से आगे बढ़ रही है। जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपना रही है।

क्रूर, निरंकुश नक्सलवाद का अंत उचित : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि क्रूर, निरंकुश नक्सलवाद का अंत उचित है। बस्तर 2026 तक भयमुक्त होगा। यह सुनिश्चित है। प्रदेश में नक्सलवाद के विरुद्ध हमारी लड़ाई मजबूती से जारी है। मुठभेड़ में डीआरजी के जवान के शहीद होने की भी दुःखद खबर है। उनकी यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

बस्तर बदल रहा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों के खात्मे के साथ-साथ बस्तर बदल रहा है। बस्तर लाल आतंक से मुक्त होगा। किसी शाम आप सभी इंद्रावती नदी के किनारे आराम से बैठकर चाय पी पाएंगे।

10 टीमों के ज्यादातर कप्तानों ने बैन हटाने पर जताई सहमति

आईपीएल में गेंदों पर 'थूक' लगा सकेंगे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के ज्यादातर कप्तानों की सहमति के बाद आगामी चरण में गेंद पर लार के इस्तेमाल से प्रतिबंध हटा दिया है। आईपीएल कोविड-19 महामारी के बाद लार के उपयोग को फिर से शुरू करने वाला पहला बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट बन गया है। शनिवार से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी चरण से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'लार पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। अधिकांश कप्तान इस कदम के पक्ष में थे। कुछ को फिर से इसे शुरू करने को लेकर संदेह था, कुछ तटस्थ ▶▶ शेष पेज 5 पर

आईसीसी ने लगाया था बैन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कोविड-19 महामारी के दौरान एहतियात के तौर पर गेंद को चमकाने के लिए लार लगाने की सदियों पुरानी प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था और बाद में 2022 में विश्व संस्था ने इस प्रतिबंध को स्थायी कर दिया था। आईपीएल ने भी कोविड-19 महामारी के बाद लीग में खेल की शर्तों में आईसीसी प्रतिबंध को शामिल किया, लेकिन इसके दिशानिर्देश खेल की संचालन संस्था के दायरे से बाहर हैं।

11वें ओवर के बाद बदली जाएगी गेंद

यह भी फैसला किया गया कि ओस के कारण शाम के मैच में दूसरी पारी में 11वें ओवर के बाद एक गेंद बदली जाएगी। एक अधिकारी ने कहा, 'यह नियम में बदलाव नहीं है, यह सिर्फ इस साल सभी टीम और अंपायरों के बीच आपसी समझ है।

नो बॉल और वाइड के लिए डीआरएस

बीसीसीआई ने ऊंची जाने वाली वाइड गेंद और ऑफ-स्टंप के बाहर की वाइड गेंद के लिए डीआरएस के इस्तेमाल को भी मंजूरी दे दी है।

भारतीय टीम को बीसीसीआई देगा 58 करोड़ का पुरस्कार

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने दुबई में इस महीने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 58 करोड़ रुपए नकद पुरस्कार का ऐलान किया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह पुरस्कार खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ और अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति को मिलेगा। बोर्ड ने अपने बयान में यह नहीं बताया कि किसे कितना पुरस्कार मिलेगा।

धमतरी के महापौर रामू रोहरा से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

बारिश में जल निकासी बड़ा मुद्दा, बेंगलुरु पैटर्न पर करेंगे काम

रायपुर। प्रदेश के नगरीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को जनता जर्नादन ने क्लीन स्वीप दी है। इस ऐतिहासिक जीत को लेकर एक तरफ आम जनता अपने शहर के मुखिया से उम्मीद लगाए बैठी है और दूसरी ओर शहरी सत्ता में अपनी नई भूमिका और जनता से मिले भरोसे को संजोने नए महापौर कुछ नया करने की सोच रखते हैं। नए महापौर नई बात कड़ी में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रदेश के अलग-अलग नगर निगमों के मेयर से उनका विजन जानने बातचीत को माध्यम बनाया है। इसी कड़ी में पेश है धमतरी नगर निगम के नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा से बातचीत के प्रमुख अंश-

नए महापौर नई बात

▶ **संपत्ति कर व सफाई व्यवस्था को लेकर आपकी क्या सोच है?**

▶▶ नगर निगम के आर्थिक स्त्रोत बढ़ाने हमारे पास कमर्शियल कंप्लेक्स है, उसकी नीलामी नहीं हो रही थी। इसके लिए टेंडर जारी किए गए हैं। बारिश के समय जलभराव धमतरी शहर का सबसे बड़ा मुद्दा है। इससे निजात पाने हमने बेंगलुरू पेटर्न पर सोख पिट बनाना प्रारंभ किया है। रायपुर से इसके लिए कंसलटेंट बुलाया था। यदि सोख पिट बना लिया जाये तो इससे बारिश का पानी सहेज पाएंगे और जलभराव की समस्या का समाधान भी कर पाएंगे। हमने इसका प्रयास किया है।

▶ **धमतरी निगम में भाजपा को क्लीन स्वीप मिली है। 40 में से 27 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीतकर वार्ड पार्षद बने, यह कैसे हुआ ?**

▶▶ पूरे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में बहुत अच्छा माहौल रहा। न केवल धमतरी बल्कि प्रदेश के 10 नगर निगमों में यही देखने में आया। न केवल नगरीय निकाय बल्कि नगरपालिका, नगर पंचायत के चुनाव में भी यही हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव की साय सरकार प्रदेश में सांय-सांय काम कर रही है, उसका प्रभाव भी देखने को मिला है। 40 वार्ड में मैंने जनसंपर्क किया, ये उसी का परिणाम है।

▶ **एक या सवा साल में सांय-सांय सरकार ने ऐसा क्या काम किया है कि एकतरफा जनादेश मिला ?**

▶▶ पांच साल में कांग्रेस के महापौर ने यहां के नगर निगम में भ्रष्टाचार का काम किया है। यही एक बड़ा मुद्दा रहा, जिसकी वजह से यहां की जनता ने भाजपा को एकतरफा जीत दिलाई। पांच रुपये की कीमत वाली रिफील को 80 रुपये में खरीदा गया। 40 रुपये की फिनाइल की 675 रुपये में खरीदी की गई। 40 से 50 रुपये वाली हार्पिक 450 रुपये खरीदी गई। जनता के दैनिक उपयोग की चीजों में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। विकास के कार्य में खर्च करने की जगह कुर्सी खरीदने में पैसा लगाया। 2.50 करोड़ रुपये की कुर्सी खरीदी गई। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बाद भी धमतरी नगर निगम के लिए फंड नहीं ला पाए। हमने महापौर बनते ही प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से आग्रह कर 25 से 30 करोड़ रुपये का फंड स्वीकृत कराया।

5 घंटे सुरक्षा के घेरे में रहा कलेक्टोरेट-जिला पंचायत भवन, सदस्यों के अलावा और किसी को नहीं मिली एंट्री

जिला पंचायत के नवीन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बने संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो बार स्थगित होने के बाद जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को चुनाव हुआ। इस चुनाव में भी भाजपा के सदस्य ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। इनमें नवीन अग्रवाल अध्यक्ष और जोगी कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए संदीप यदु उपाध्यक्ष बने। इस तरह नगर निगम के बाद जिला पंचायत रायपुर में भी भाजपा का ही दबदबा रहा। इधर चुनाव के दौरान कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत भवन का कार्यालय 5 घंटे तक सुरक्षा के घेरे में रहा। कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत भवन जाने वाले सभी मेन गेटों पर ताला लगाकर बैरिकेड्स लगाकर पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। कलेक्टोरेट के बाहर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में पहुंचे थे, जिसके कारण गहमागहमी का माहौल रहा। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र तक जाने के लिए प्रदर्शन भी किया। इस कारण 5 घंटे तक कलेक्टोरेट में प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा जिला पंचायत सदस्यों को ही एंट्री दी गई।

अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद चुनाव की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से रेडक्रास भवन में शुरू हुई। इस चुनाव में शामिल होने सबसे पहले कांग्रेस के सभी सदस्य साथ में रेडक्रास भवन पहुंचे। इन सभी सदस्यों को जिला पंचायत परिसर में प्रवेश करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि मल्टीलेवल पार्किंग के सामने एंट्री गेट पर ताला लगा हुआ था और उसके बाहर कांग्रेस और भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी हुई थी। इस भीड़ से बचते हुए सदस्यों को गेट तक पहुंचना पड़ा। इसके बाद भी इन सदस्यों को अंदर तभी एंट्री दी गई जब उनके द्वारा निर्वाचित प्रत्याशी का प्रमाण-पत्र दिखाया गया। परिसर में एंट्री करने के बाद सदस्यों को रेडक्रास भवन में भी उनके प्रमाण-पत्र देखने के बाद एंट्री दी गई। कांग्रेस सदस्यों के आगमन के करीब एक घंटे बाद भाजपा के सभी सदस्य रेडक्रास भवन पहुंचे। इन सभी सदस्यों को भी भीड़ के कारण अंदर प्रवेश करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इस तरह दोपहर करीब 12 बजे नामांकन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो पाई।

गहमागहमी का रहा माहौल

चुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भीड़ के कारण कलेक्टोरेट के मुख्य गेट से लेकर मल्टीलेवल पार्किंग के सामने गहमागहमी का माहौल रहा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता अंदर प्रवेश नहीं करने को लेकर नारेबाजी करते हुए चुनाव खत्म होने तक हंगामा भी करते रहे। कई कार्यकर्ता तो मल्टीलेवल पार्किंग के लेयर 1 एवं लेयर-2 में चढ़कर वहां से रेडक्रास भवन परिसर के अंदर का नजारा देखते रहे।

बिना आदेश बंद रहे कलेक्टोरेट गेट

यह पहली बार हुआ है, जब कलेक्टोरेट के सभी मेन गेट को 5 घंटे तक बिना कोई आदेश जारी किए बंद रखा गया। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में प्रशासन की ओर से न ही कोई आदेश जारी किया गया था और न ही इसकी जानकारी सार्वजनिक की गई थी। यही कारण है कि कलेक्टोरेट पहुंचने वाले आम लोगों को भी 5 घंटे तक परेशान होना पड़ा।

5 घंटे तक परेशान हुए आम लोग: इस चुनाव के कारण सुबह 10 बजे से दोपहर करीब 3 बजे तक कलेक्टोरेट के सभी मुख्य गेटों में ताला लगा दिया गया था, वहीं गेट के बाहर बेरिकेड्स लगाकर अंदर और बाहर दोनों तरफ पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। चुनाव जरूर करीब डेढ़ घंटे तक चला, लेकिन कलेक्टोरेट में आम लोगों का प्रवेश 5 घंटे तक बंद रहा। इस कारण कलेक्टोरेट में अपना काम व जनशिकायत केंद्र में पहुंचने वाले लोगों को बैरंग लौटना पड़ा।

अध्यक्ष से ज्यादा वोट उपाध्यक्ष को मिले

जिला पंचायत चुनाव के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में ऐसा पहली बार देखा गया है कि एक ही पार्टी से चुनाव लड़ रहे अध्यक्ष से ज्यादा उपाध्यक्ष प्रत्याशी के पक्ष में वोट पड़े हो। इस चुनाव में अध्यक्ष के पक्ष में कुल 9 वोट पड़े हैं, वहीं उपाध्यक्ष प्रत्याशी के पक्ष में 10 वोट पड़े हैं।

नवीन अग्रवाल ने वतन चंद्राकर को 2 वोट से हराया

भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए नवीन अग्रवाल और कांग्रेस से वतन चंद्राकर ने नामांकन भरा। चुनाव में सभी 16 सदस्यों ने वोट किया। इनमें नवीन अग्रवाल को 9 वोट पड़े, वहीं वतन चंद्राकर को 7 वोट पड़े। इस तरह भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस प्रत्याशी को 2 वोट से हराकर अध्यक्ष पद के लिए चुने गए।

संदीप यदु को मिले 10 वोट यशवंत को 4 वोट से दी मात

इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से संदीप यदु और कांग्रेस से यशवंत साहू ने नामांकन भरा। संदीप यदु जोगी कांग्रेस पार्टी से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीता है। जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद का चुनाव होने के ठीक दो दिन पहले ही भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद पार्टी ने चुनाव में उन्हें उपाध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाकर उतारा। इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी यशवंत साहू को 4 वोट से पराजित किया।

एक वोट से जीतकर मंगम्मा बनीं अध्यक्ष

सीपीआई-कांग्रेस ने जिला पंचायत में जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला पंचायत सुकमा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन जिला पंचायत के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। पंचायत निर्वाचन में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर मंगम्मा सोयम विजयी हुई उन्होंने माड़े बारसे को 1 वोट से हराया। मंगम्मा सोयम को 6 और माड़े बारसे को 5 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर महेश कुंजाम विजयी हुए। उन्होंने हुंगाराम मरकाम को 3 वोट से हराया। महेश कुंजाम को 7 और हुंगाराम को 4 वोट मिले। गौरतलब है कि कांग्रेस, भाजपा और सीपीआई के बीच कई दिनों से जिला पंचायत में कब्जा करने होड़ लगी थी, लेकिन भाजपा को पीछे करते हुए कांग्रेस और सीपीआई ने हाथ मिलाकर जिला पंचायत में कब्जा कर लिया। जिला पंचायत सीईओ और पीठासीन अधिकारी नम्रता जैन ने विजयी प्रमाण पत्र सौंपा। जिला पंचायत के सभागार में वैलेट पेपर से निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक पीठासीन अधिकारी सुमित कुमार ध्रुव, उपसंचालक पंचायत श्रीमती संध्या रानी कुर्रे उपस्थित थीं।

Auth. Dealers : ● Arun Automotive, Mobile - 9826552000 (Durg, Balod, Bemetra) ● Arun Autowheels, Mobile - 6264242206 (Kanker, Kondagaon, Narayanpur) ● Jaika Automobiles & Finance Pvt. Ltd. Mobile - 7415140093 (Raipur, Mahasamund, Baloda Bazar, Gariyaband) ● Jagdalpur Motors, Mobile - 9439893077 (Bastar, Sukma, Dantewada, Bijapur) ● Shivam Motors - Mobile 8120002312 (Bilaspur, Mungeli, Pendra, Korea, Balrampur, Jashpur, Janjgir Champa, Raigarh) ● Shivam Motors / Krihsna AutoTech, Mobile - 8120002312 / 8770671017 (Korba, Surguja, Surajpur) ● Mangalam Motors, Mobile - 9926272299 (Raipur, Rajnandgaon, Dhamtari, Kawardha)

sumit

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- राजनांदगांव : दर्जनभर शिक्षकों ने छोड़ी नौकरी अटैचमेंट के जरिए चल रहे आत्मानंद विद्यालय
- दुर्ग : वॉटर एटीएम बंद, लैब और लाइब्रेरी अपग्रेड नहीं
- रायगढ़ : आत्मानंद पीएमश्री में बदला, यहां मजबूरी में ही वॉशरूम जाती हैं छात्राएं
- बैकुण्ठपुर : खुले आसमान के नीचे गर्मी में लग रही कक्षाएं

रायपुर : उखड़ते प्लास्टर के नीचे टूटे फर्नीचर में बैठकर पर्चे हल कर रहे छात्र

फंड की कमी से बिगड़ी आत्मानंद स्कूलों की हालत, मरम्मत ठप

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, रायगढ़, बैकुंठपुर, धमतरी

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद आत्मानंद स्कूलो की हाल बदत्तर हो गयी है। पिछले एक साल से राज्य शासन द्वारा न तो फंड जारी किया जा रहा है और न ही संसाधनो की व्यवस्था की जा रही है। हरिभूमि ने राजधानी रायपुर सहित अन्य जिलों की जमीनी हकीकत भी जानी, जिसमें चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। राजनांदगांव के 11 आत्मानंद स्कूलों में दर्जनभर से ज्यादा शिक्षकों ने नौकरी छोड़ दी है। राजधानी रायपुर में शिक्षकों ने ▶▶| शेष पेज 5 पर

हादसे से सदमे में छात्र

रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में संचालित होने वाले स्कूल में पढ़ाई के दौरान अक्सर क्लासरूम में छत का प्लास्टर गिरता है। टॉयलेट में इतनी गंदगी है कि छात्राएं यहां जाना पसंद नहीं करती हैं। भवन जर्जर हो चुका है और बारिश में स्कूल के छत से पानी टपकता है। छत और दीवारों से प्लास्टर उखड़ने लगे हैं। पिलर का वजूद खत्म हो रहा है। यहां पढ़ने वाले 908 विद्यार्थी ▶▶| शेष पेज 5 पर

पत्राचार किया है

स्कूल की खराब स्थिति को देखते हुए सरकार से पत्राचार किया गया था। राज्य सरकार ने नए भवन की स्वीकृति दी है। बहुत जल्द नया भवन बनकर तैयार होगा।

- केवी वेंकट राव
जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़

अटैच किए हैं शिक्षक

जहां शिक्षकों ने नौकरी छोड़ दी है, वहां दूसरी स्कूलों के शिक्षकों को अटैच किया गया है। स्कूलों में नियमित रूप से पढ़ाई हो रही है। शासन के जो भी निर्देश मिल रहे हैं, उसका पालन किया जा रहा है।

- प्रवास सिंह बघेल
जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव

बाउंड्री वॉल ही टूटने की कगार पर

राजनांदगांव शहर के राजा सर्वेश्वर दास म्युनिसिपल हाई स्कूल को मॉडल आत्मानंद विद्यालय के रूप में परिवर्तित किया गया था।

यहां आलम यह है कि इसकी बाहरी बाउंड्री वॉल और मंच की दीवार से प्लास्टर उखड़ने लगे हैं। जिसकी मरम्मत तक नहीं करवाई जा रही है। पेयजल के साथ ही प्रसाधन कक्ष में साफ-सफाई का ▶▶| शेष पेज 5 पर

अपग्रेडेशन के इंतजार में छात्र

दुर्ग जिले में 52 सरकारी स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हैं। अंग्रेजी माध्यम के 38 स्कूल चल रहे हैं। जिसमें 29 हजार 626 बच्चे पढ़ रहे हैं। हिन्दी माध्यम के 14 आत्मानंद स्कूल हैं। इन स्कूलों में 5 हजार 332 बच्चे अध्ययनरत हैं।

सरकार बदलने के बाद इन स्कूलों के संधारण के लिए फंड नहीं आया है। रिसाली, खुर्सीपार, ▶▶| शेष पेज 5 पर

अभी तक नहीं मिली गणवेश

धमतरी जिले में इन स्कूलों के छात्रों को कांग्रेस शासनकाल में गणवेश दिया जाता था। इस शिक्षण सत्र में गणवेश भी नहीं दिया गया है। इस साल तो गणवेश का खर्चा पालकों को उठाना पड़ा। हर साल प्रगति पत्रक के साथ छात्रों को सालाना पत्रिका का वितरण किया जाता था। इस साल यह पत्रिका भी नहीं बांटी गई। नगर पंचायत आमदी में स्वामी आत्मानंद स्कूल चुनाव से पहले ही खुला। यहां पर केवल शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। बाकी कोई भी सुविधा इस स्कूल को नहीं दी गई है।

खबर संक्षेप

मंत्री नित्यानंद के भांजों की लड़ाई, एक की मौत

भागलपुर। बिहार में भागलपुर के जगतपुर गांव में कथित रूप से आपसी विवाद में दो भाइयों ने एक-दूसरे पर गोलियां चला दीं, जिसके कारण एक भाई की मौत हो गई और दूसरा भाई एवं उनकी मां घायल हो गए। घटना में हताहत हुए लोग केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के भांजे हैं।

कार पर पलट गया ट्रक, छह की मौत

जयपुर। बीकानेर जिले के देशनोक में एक भीषण सड़क हादसे में छह व्यक्तियों की मौत हो गई। देशनोक में यह हादसा बुधवार देर रात उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पास से गुजर रही कार पर पलट गया।

नया खुलासा

औरंगजेब कब्र विवाद के बाद नागपुर हिंसा को लेकर जांच

फहीम समेत छह पर देशद्रोह का केस उपद्रव के पीछे बांग्लादेशी कनेक्शन

नागपुर हिंसा मामले में एक नया मोड़ आया है। इसमें बांग्लादेश और पाकिस्तान से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स का नाम सामने आ रहा है। पुलिस जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी फहीम खान की फेसबुक आईडी से कई बांग्लादेशी और पाकिस्तानी अकाउंट्स को फॉलो किया गया था। इधर, फहीम खान समेत छह आरोपियों पर देशद्रोह का केस दर्ज किया गया है।

- नागपुर हिंसा में बांग्लादेशी और पाकिस्तानी अकाउंट्स का कनेक्शन मिला
- मुख्य आरोपी फहीम की फेसबुक आईडी से विदेशी अकाउंट्स फॉलो किए गए
- पुलिस और साइबर सेल मामले की गहराई से कर रही है जांच

एजेंसी ▶▶| नागपुर

साइबर पुलिस ने नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी स्थानीय नेता फहीम खान और पांच अन्य के खिलाफ राजद्रोह और अशांति के दौरान सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि ये छह लोग उन 50 आरोपियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ साइबर विभाग ने सोमवार को यहां हुई हिंसा के सिलसिले में चार प्राथमिकी दर्ज की हैं। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) लोहित मतानी ने यहां प्रेस वार्ता में बताया कि साइबर अपराध विभाग ने 'फेसबुक', 'एक्स', 'इंस्टाग्राम' और 'यूट्यूब' अधिकारियों से उनके मंच पर मौजूद 230 प्रोफाइल के बारे में जानकारी मांगी है। इन पर रोक लगाये जाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही विभाग को सूचना ▶▶| शेष पेज 5 पर

पुलिस ने 18 विशेष टीम गठित कीं

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हुई हिंसा के आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने 18 विशेष टीम गठित की हैं। हिंसा के सिलसिले में अब तक 69 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस ने 200 आरोपियों की पहचान कर ली है और सीसीटीवी फुटेज से अन्य संदिग्धों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

तुम्हारी औरतों को उठाएंगे...: नागपुर साइबर पुलिस के जरिए नवाज खान पठान नाम के इंस्टाग्राम यूजर का अकाउंट आइडेंटिफाई किया है, जो बांग्लादेश का है। इस अकाउंट में नागपुर दंगे के लेकर लिखा गया है कि इस बार सिर्फ हमला किया है। अगली बार तुम्हारी औरतों को उठाएंगे।

औरंगजेब की कब्र को एएसआई ने ढका

औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इधर, मामले में आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने कदम उठाया है। एएसआई ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में औरंगजेब की कब्र के कुछ हिस्सों को टिन की चादरों से ढक दिया है।

हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश

188 जजों का तबादला चार जिलों के बदल गए प्रधान जिला न्यायाधीश

- 33 सीनियर सिविल जजों का भी ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 188 जजों का तबादला आदेश जारी किया है। इस आदेश में चार जिलों के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीशों के भी नाम शामिल हैं। आठ अलग-अलग आदेश जारी कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से लेकर सिविल जज जूनियर डिवीजन तक ट्रांसफर हुए हैं। इसमें चार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चार सीजेएम रैंक के जज, 60 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले हुए हैं। 33 सीनियर सिविल जजों और 87 सिविल जज जूनियर डिवीजन के भी तबादले हुए हैं। सूरजपुर के प्रधान जिला एवं सत्र ▶▶| शेष पेज 5 पर

गिरिजा देवी दुर्ग से मुंगेली

दुर्ग के फैमिली कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश गिरिजा देवी मरावी को मुंगेली का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। जगदलपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर को छग हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार विजिलेंस बनाया गया है।

सेंसरशिप को चुनौती

मस्क की कंपनी 'एक्स' ने भारत पर किया मुकदमा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में एक वाद दायर करके कथित 'गैरकानूनी सामग्री विनियमन और मनमाने सेंसरशिप' को चुनौती दी है। 'एक्स' ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की केंद्र की व्याख्या, विशेष ▶▶| शेष पेज 5 पर

गृह मंत्रालय का पोर्टल

गृह मंत्रालय के तहत, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा स्थापित यह पोर्टल धारा 79(3)(बी) के तहत हटाने के अनुरोधों को कारगर बनाने और सोशल मीडिया मंच और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सीधे संवाद की सुविधा के लिए तैयार किया गया था। वाद में दलील दी गई है कि यह न्यायिक निगरानी के बिना ऑनलाइन मंचों पर विमर्श को नियंत्रित करने का सरकार का एक और प्रयास है।

तलाक याचिका पर अंतिम फैसला

युजवेंद्र चहल-धनश्री की राहें हो गई जुदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की तलाक याचिका पर अंतिम फैसला हो गया है। दोनों कानूनी तौर पर अलग हो गए हैं। बांद्रा के फैमिली कोर्ट ने दोनों का तलाक मंजूर कर लिया है। युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा ने दिसंबर, 2020 में शादी की थी, मगर दोनों जून, 2022 से अलग रह रहे हैं।

क्या है बॉम्बे हाईकोर्ट का वो अहम फैसला

दरअसल, बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है, जिसमें चहल और धनश्री के तलाक के लिए 6 महीने के अनिवार्य कूलिंग-ऑफ पीरियड को छोड़ने से इनकार किया गया था। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट को आदेश दिया था कि वो तलाक की याचिका पर अंतिम फैसला सुनाए। ऐसी मांग इसलिए की गई है ताकि चहल की आईपीएल में भागीदारी प्रभावित न हो।

कॉलेजियम ने दी मंजूरी

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में तीन न्यायाधीशों का बढ़ेगा एक साल का कार्यकाल

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने आठ न्यायिक अधिकारियों को गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल थे, जिसकी बैठक 19 मार्च को हुई। कॉलेजियम ने यह भी सिफारिश की कि ▶▶| शेष पेज 5 पर

पंजाब, हरियाणा में इनके नाम

कॉलेजियम ने अतिरिक्त न्यायाधीशों न्यायमूर्ति सुमित गोयल, न्यायमूर्ति सुदीप्ति शर्मा और न्यायमूर्ति कीर्ति सिंह को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

चारधाम यात्रा, हेमकुंड साहिब के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

देहरादून। उत्तराखंड में इस वर्ष की चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए ऑनलाइन पंजीकरण गुरुवार को शुरू कर दिया गया। अधिकारियों ने यहां बताया कि उच्च गढ़वाल हिमालय स्थित चारधाम-बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तथा हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा जाने के इच्छुक तीर्थयात्री उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

तीर्थयात्रा की तैयारी

कब खुलेंगे कपाट

गंगोत्री-यमुनोत्री	-	30 अप्रैल
केदारनाथ	-	02 मई
बदरीनाथ	-	04 मई
हेमकुंड साहिब	-	25 मई

ऑफलाइन पंजीकरण भी

इस बार राज्य सरकार ने ऑनलाइन पंजीकरण के साथ-साथ 40 फीसदी ऑफलाइन पंजीकरण का निर्णय भी लिया है। इससे इंटरनेट का उपयोग नहीं कर पाने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो। आज शाम चार बजे तक 1,45,503 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके थे।

RAIPUR: MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332 | AVANTI VIHAR: SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 7987196900 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042 | DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100 | JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009. SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.



मैं बुढ़ापा नहीं जीना चाहता...', एक साल बाद इकोनॉमिक्स नोबेल विजेता की मौत पर सनसनीखेज खुलासा

न्यूयार्क। इजराइली-अमेरिकी मनोवैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता डैनियल काह्नमैन की मौत को एक साल हो गया है, लेकिन अब उनकी मौत पर जो खुलासा हुआ है, उससे पूरी दुनिया में बहस छिड़ गई है। 2024 में 90 साल की उम्र में डैनियल काह्नमैन की मौत हुई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, डैनियल काह्नमैन ने स्विटज़रलैंड में अपनी मौत किसी की सहायता के जरिए चुना। एक ऐसा निर्णय जिसे उन्होंने निजी रखा, केवल करीबी परिवार और दोस्तों के साथ साझा किया। इस खुलासे के बाद पूरी दुनिया हैरान है। इस रिपोर्ट को लिखा है जेसन ज़्वेग ने जिसका शीर्षक उन्होंने दिया 'निर्णयों पर दुनिया के अग्रणी विचारक द्वारा अंतिम निर्णय।'



कैसे हुई उनकी मौत?

90 वर्षीय काह्नमैन की मौत के बारे में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं थी। लेकिन, 14 मार्च 2025 को छपे एक लेख में उनके करीबी दोस्त जेसन ज़्विग ने खुलासा किया कि उन्होंने स्विट्जरलैंड में सहायता प्राप्त आत्महत्या के जरिए अपने जीवन का अंत किया।जिसके बाद से ही पूरी दुनिया में इस बात की खूब चर्चा हो रही है।

खुद की ली डैनियल काह्नमैन ने जान?

रिपोर्ट में जेसन लिखते हैं 'मुझे लगता है कि डैनी, अंतिम दिनों में कमजोर हो गए थे, वह इससे बचना चाहते थे और अपनी शर्तों पर आगे का जीवन देख रहे थे। अपनी मृत्यु को वह खुद अपनाना चाहते थे। कथित तौर पर काह्नमैन ने स्विटज़रलैंड की यात्रा करने से पहले 26 मार्च, 2024 को अपने परिवार को एक विदाई ईमेल भेजा था। इस रिपोर्ट के बाद डैनियल के कुछ प्रियजनों ने उनके निर्णय को स्वीकार कर लिया, अन्य अभी भी इससे जूझ रहे हैं। जिससे पूरी दुनिया हैरान भी है, कोई इतना महान आदमी, अपनी मौत को इस तरह से अंजाम देगा।

दुनिया में क्यों हो रही बहस?

काह्नमैन का पूरा कॅरियर इस बात पर केंद्रित था कि इंसान कैसे सोचता है और फैसले लेता है। उनकी मौत पर आई प्रतिक्रिया दिखाती है कि यह मुद्दा अब और बड़ा हो सकता है। उनकी सोच ने यह सवाल फिर खड़ा किया है कि क्या समाज को मृत्यु के फैसले पर व्यक्ति की स्वतंत्रता को स्वीकार करना चाहिए? इस बहस का कोई आसान जवाब नहीं है।

एक खुशहाल व्यक्ति के रूप में मरूंगा

अंतिम ईमेल में काह्नमैन ने लिखा 'जब से मैं किशोर था, तब से मेरा मानना है कि जीवन के अंतिम वर्षों के दुख और अपमान अनावश्यक हैं, और मैं उस विश्वास पर काम कर रहा हूं। मैं अभी भी सक्रिय हूं, जीवन में कई चीजों का आनंद ले रहा हूं। (दैनिक समाचारों को छोड़कर) और एक खुशहाल व्यक्ति के रूप में मरूंगा। लेकिन, मेरी किडनी अपने अंतिम चरण में है, मानसिक चूक लगातार हो रही है। अब मैं नब्बे साल का हो गया हूं, अब जाने का समय आ गया है'।

कौन थे डैनियल काह्नमैन?

डैनियल काह्नमैन का जन्म 1934 में इजराइल में हुआ था, लेकिन उन्होंने अपना शुरुआती जीवन फ्रांस में बिताया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उनका परिवार नाजी शासन से छिपा रहा और बाद में वे इजराइल लौटे और हिब्रू विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान की पढ़ाई की। आगे की पढ़ाई के लिए वे अमेरिका गए और कई बड़े विश्वविद्यालयों में पढ़ाया, जिनमें प्रिंसटन और हार्वर्ड शामिल हैं। उन्हें 2002 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला था। उनका शोध यह समझने पर आधारित था कि इंसान निर्णय लेते समय तर्क के बजाय भावनाओं और पूर्वाग्रहों से प्रभावित होते हैं। उनकी प्रसिद्ध किताब 'थिंकिंग, फास्ट एंड स्लो' (2011) भी इसी पर आधारित है।

रोचक खबरें

चीन की इस दादी ने इंटरनेट पर मचाया तूफान, उम्र जानकर चकराया लोगों का माथा

बीजिंग। बच्चे को दूध पिलाती चीनी महिला की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि महिला बच्चे की दादी है। जाहिर है, आप कहेंगे कि इसमें क्या खास है। दरअसल, एक बच्चे की दादी होने के बावजूद महिला की छरहरी काया और उसकी गजब की खूबसूरती देखकर नेटिजन्स का सिर चकराया हुआ है। यकीन मानिए, जब आप इस महिला की असल उम्र जानेंगे तो आप भी भौचक्के रह जाएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह महिला चीन के अनहुई प्रांत के सूजौ की रहने वाली है। चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महिला का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें महिला बोतल से एक बच्चे को दूध पिलाते हुए नजर आ रही है, जबकि बच्चे की मां पास में ही बिस्तर पर लेटी हुई थी. एक महीने का यह बच्चा महिला का पहला पोता है। यह जानकर हैरानी होगी कि यह महिला महज 39 वर्ष में ही दादी बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो रिकॉर्ड करने वाली एक अन्य महिला जो कि उसकी रिश्तेदार है, उसे वायरल क्लिप में यह कहते हुए सुना जा सकता है कि देखिए ये कितनी जवान दादी है। इनका जन्म 1985 में हुआ है।

'खत्म हुई टेंशन, अब सिर्फ मिलेगी पेंशन', 21 में ज्वाइन की नौकरी, 23 में लड़के ने ले ली रिटायरमेंट!

मास्को। दुनिया में एक से बढ़कर एक लोग आपको मिल जाएंगे। किसी के बारे में आप जानते होंगे, तो कुछ ऐसे भी होंगे, जिनके बारे में आपको कुछ खास पता नहीं होगा. ऐसा नहीं है कि उनकी ज़िंदगी दिलचस्प नहीं है, बस आप इन्हें जान नहीं पाए। आज एक ऐसे ही लड़के की कहानी हम आपको बताएंगे, जो न सिर्फ दिलचस्प है, बल्कि हैरान करने वाली भी है।

आमतौर पर जिस उम्र में लोग नौकरी ज्वाइन करते हैं, लड़का उस उम्र में रिटायरमेंट ले रहा है। मज़े की बात ये है कि उसे सेवानिवृत्ति मिल भी रही है, वो भी ज़िंदगीभर की पेंशन के साथ। उसका नाम रूस की नेशनल रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया गया है, क्योंकि इससे पहले कभी किसी ने इस उम्र में रिटायरमेंट नहीं ली थी। ये कहानी है पावेल स्टेपशेंको नाम के लड़के की। ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक इस लड़के ने 23 साल की उम्र में रूस के विदेश मंत्रालय से सेवानिवृत्ति ले ली है। आमतौर पर रिटायरमेंट को बुढ़ापे से जोड़कर देखा जाता है। आजकल लोग जल्दी रिटायर होना चाहते हैं, लेकिन 40 साल से पहले नहीं। वहीं, पावेल ने 23 साल में ही रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। उसने 16 साल की उम्र में रशियन मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स के शैक्षणिक संस्थान में दाखिला लिया था।

उड़ गए बाल, तो गंजे सिर से कमाने लगा पैसे छपवा लिया कुछ ऐसा, बैठे-बैठे बरसते हैं नोट!

मुंबई। हमारे समाज में इंसान को सबसे पहले उसके लुक्स से जज किया जाता है। कोई मोटा है, पतला है, छोटा है लंबा है या फिर किसी के सिर पर बाल हैं या नहीं हैं, ये भी देखा जाता है। इसके बाद ही लोग अपनी राय उसके बारे में बनाते हैं। यही वजह है कि लोग अपने लुक्स पर न सिर्फ पैसा खर्च करते हैं, बल्कि जल्दी ही हीनभावना का शिकार भी हो जाते हैं।

कम उम्र में ही जब किसी के सिर से बाल झड़ने लगते हैं, तो इंसान चिंता में आ जाता है। हालांकि, केरल के अलापुझा के रहने वाले एक शख्स ने अपने गंजे सिर से नोट छापने का बिजनेस कर लिया। अब उसकी ज़िंदगी मस्त कट रही है। चलिए बताते हैं कि आखिर ये आइडिया उसे आया कैसे? 36 साल के शफीक हाशिम एक ट्रैवल व्लॉगर हैं और अलापुझा के करूर के रहने वाले हैं। उनके बाल छोटी उम्र में ही झड़ने लगे थे। कॉलेज में लोग मज़ाक उड़ाते थे, जिसकी वजह से शफीक ने हेयर ट्रांसप्लांट के बारे में काफी सोचा। वो इसे कराने भी वाले थे, लेकिन तभी उनका मन बदल गया। उन्होंने अपने गंजेपन को स्वीकार कर लिया और इसे पैसे कमाने के लिए इस्तेमाल करने का सोचा।

एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष से लौटकर कितने दिनों बाद खा सकते हैं नॉन वेज, शराब कब तक नहीं पी सकते

वॉशिंगटन। एस्ट्रोनॉट्स का खानपान बाकी लोगों से काफी अलग होता है। उनकी हेल्थ की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उनके लिए मेन्यू तैयार किए जाते हैं। खासतौर इस दौरान ये ध्यान दिया जाता है कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद उनका एनर्जी लेवल क्या है? ऐसे में, चलिए जानते हैं उन्हें खानपान में किया दिया जाता है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में 9 महीने बिताने के बाद धरती पर लौट आए हैं। अंतरिक्ष से लौटने के बाद दोनों का खास ख्याल रखा गया है, क्योंकि स्पेस में लंबे वक्त तक रहने की वजह से एस्ट्रोनॉट्स को धरती पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए, उनके खानपान को लेकर काफी सावधानियां बरती जाती है। उन्हें कुछ दिनों तक ऐसा खाना -पीना दिया जाता है, जो धीरे धूरे उन्हें शारीरिक तौर यहां की स्थितियों के अनुकूल बनाता है। ऐसा पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के दोबारा री-एडजस्टमेंट करने के लिए किया जाता है। इतना ही नहीं, उन्हें दो हफ्ते तक शराब छूने पर भी पाबंदी रहती है।

न्यूट्रिशनिस्ट

जहां संतुलित आहार के लिए विशेष स्पेस सेंटर में पोषण न्यूट्रिशनिस्ट उनकी डाइट को सामान्य करते हैं, जिसमें प्रोटीन (चिकन, मछली), कार्बोहाइड्रेट (पास्ता, ब्रेड), और विटामिन से भरपूर सब्जियां शामिल होती हैं। साथ ही, हड्डियों को मजबूत करने के लिए कैल्शियम और विटामिन डी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट्स भी दिए जा सकते हैं।

कब से खा सकते है चिकन-मटन

अंतरिक्ष से लौटने के बाद एस्ट्रोनॉट्स को अपनी पसंद का खाना खासतौर पर चिकन, मटन, या अल्कोहल शुरू करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है, जिसमें शारीरिक स्थिति, पाचन तंत्र का कंडीशन और नासा के डॉक्टरों की सलाह पर भी निर्भर रहना पड़ता है।

पहले दिन का खानपान

इसके बाद अगर उनकी हालत स्थिर होती है उन्हें पहले दिन हल्का ठोस भोजन भी दिया जाता है। लेकिन, वो आसानी से पचने वाला भोजन हो, जिसमें उबले चावल, मैश्ड आलू, उबली सब्जियां या टोस्ट शामिल है। वहीं, मांसपेशियों के नुकसान को बेहतर करने के लिए हल्का प्रोटीन के लिए उबले अंडे या चिकन ब्रोथ दिए जा सकते हैं। हालांकिस, इसके बाद उन्हें न्यूट्रिशनिस्ट की देखरेख में भोजन दिया जाता है।

धरती पर उतरने के तुरंत बाद (स्प्लैशडाउन के पहले कुछ घंटे)

जब अंतरिक्ष यान धरती पर उतरता है। तब एस्ट्रोनॉट्स को शुरुआत में हल्के और पेय पदार्थ दी जाती है। हाइड्रेशन और ऊर्जा का स्तर बनाने के लिए उन्हें तरल आहार दिया जाता है। मसलन उन्हें पानी, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स या ग्लूकोज पीने के लिए दिए जाते हैं। साथ ही, नमक और चीनी का घोल, फल का जूस, या हल्का सूप भी देते हैं।



एस्ट्रोनॉट्स को खानपान में क्या दिया जाता है?

एस्ट्रोनॉट्स का खानपान बाकी लोगों से काफी अलग होता है। उनकी हेल्थ की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उनके लिए मेन्यू तैयार किए जाते हैं। खासतौर इस दौरान ये ध्यान दिया जाता है कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद उनका एनर्जी लेवल क्या है? पाचन तंत्र किस तरह से काम कर कर रहा है, क्योंकि अंतरिक्ष में शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण पाचन तंत्र पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ता है। लिहाजा, इन सब को देखते हुए उन्हें खान-पान दिया जाता है। हालांकि, स्थिति को देखते हुए खान-पान में बदलाव भी किया जाता है।

43 हजार रुपए में बिका अंडा, आखिर ऐसी क्या है खासियत, जो इतना महंगा लगा दाम?

बाजार में आपको मुर्गी या बत्तख के अंडे बड़ी आसानी से मिल जाएंगे। दोनों के रेट अलग-अलग होते हैं। पर जितने भी हों, आपको ये अंडे 7 रुपए से लेकर 15 रुपये तक में मिल जाएंगे। शहरों और गांवों के दामों में फर्क पड़ सकता है। पर क्या आपने कभी सुना है कि कोई अंडा 43 हजार रुपए में बिका हो? हाल ही में ब्रिटेन में एक अंडा नीलाम हुआ है, जिसकी कीमत 43 हजार रुपए लगाई गई है। ये अंडा 500 डॉलर में नीलाम हुआ। तो सवाल वही उठता है कि इसमें ऐसी क्या खासियत थी जो इसका दाम इतना ज्यादा लगाया गया?

लंदन। एक रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन के फेंटॉन फार्म में काम करने वाले लोग तब चौंक गए जब उन्हें एक ऐसा अंडा मिला, जो पूरी तरह गोल था। आपने अंडाकार आकार के बारे में सुना होगा। दरअसल, अंडा पूरी तरह गोल नहीं होता, बल्कि ऊपर-नीचे से ज्यादा उभरा रहता है और बीच से पतला रहता है। मगर, जिस अंडे की हम बात कर रहे हैं, वो पूरी तरह गोल है। इस वजह से अंडे को लाखों में एक माना जा रहा है। जब इसकी नीलामी हुई तो ये 43 हजार रुपए से ज्यादा दाम में बिका।

पहले भी मिल चुके हैं ऐसे अंडे

उन्हें लगा था कि अंडा कम दाम में बिकेगा तो वो खुद ही उसे खरीद लेंगी। पर जब वो इतनी ज्यादा कीमत में बिक गया तो उनके होश उड़ गए। वैसे ये पहली बार नहीं है जब किसी को इस तरह पूर्ण रूप से गोल अंडा देखने को मिला हो। इससे पहले भी एक ऑस्ट्रेलियाई महिला को 2023 में पूरी तरह से गोल अंडा देखने को मिला था।

जो खरीदेगा वो नहीं खाएगा

इस नीलामी में जो कमाई हुई, उसे डेवॉन रेप क्राइसेस ऑर्गनाइजेशन को दान दे दिया गया। फार्म में काम करने वाली एक महिला, एलिसन ग्रीन का कहना है कि अपने 3 साल के करियर में और 30 हजार अंडों को संभालने के दौरान उन्हें कभी ऐसा गोल अंडा देखने को नहीं मिला। उन्हें ये अंडा जनवरी में मिला था. ये सुनिश्चित करने के लिए कि अंडा खराब न हो जाए, टीम ने उसे नमक में सहेजकर रखा था। ग्रीन समझ गई थीं कि जो भी इस अंडे को खरीदेगा, वो निश्चित तौर पर उसे खाएगा नहीं क्योंकि ये बेहद दुर्लभ है।

गरीब बुढ़िया की मौत के बाद पढ़ी गई वसीयत, गांववाले हुए दंग, ये कैसे हो गया?

लंदन। कहा जाता है कि किसी को भी देखकर उसकी हस्ती की थाह नहीं लगाई जा सकती है। हम किसी शख्स के बारे में उतना ही जानते हैं, जितना दो-चार मुलाकातों में उसे समझ पाते हैं। इसके अलावा वो कैसा है और उसके पास क्या है, इस बात की खबर हमें नहीं होती है। ऐसे में जब कुछ ऐसा हो जाए, जो हमने बिल्कुल न सोचा हो, तो चौंकना लाज़मी है। जिस आदमी के पास संपत्ति ज्यादा होती है, वो अपनी वसीयत अक्सर पहले ही बना लेते हैं और इसे उनकी मौत के बाद ही खोलकर पढ़ा जाता है। हालांकि, आज हम बात एक गरीब महिला की वसीयत की करेंगे। महिला का घर बुरी हालत में था और बगीचे की भी साफ-सफाई नहीं होती थी। मौत के बाद जब उसकी वसीयत पढ़ी गई, तो लोगों को अपने कानों पर यकीन नहीं हुआ। वे आपस में खुसुर-फुसुर करने लगे कि आखिर ये हो कैसे सकता है।

वसीयत में था क्या?

हिल्डा लेवी नाम की एक महिला केंट के व्हिसिलटेबल में रहती थी. वो 1970 के बने हुए एक सेमी डिटैच्ड घर में रहती थी, जिसकी मौत 98 साल की उम्र में हो गई. जब उसकी वसीयत पढ़ी गई, तो उसमें कुल 1.4 मिलियन पाउंड यानी लगभग 16 करोड़ रुपए का ब्यौरा था। इसमें से साढ़े 5 करोड़ रुपए उसके दोस्तों और कैंटरबरी अस्पताल को दिए गए थे। इसके अलावा करीब 3 करोड़ रुपए लंदन के नेत्र अस्पताल में उसके दोस्तों के नाम किए गए थे। चैरिटी में दिए गए पैसों के बारे में सुनकर लोग दंग रह गए, क्योंकि महिला का घर काफी बुरी हालत में था, जिसे देखकर बिल्कुल नहीं लगता था कि वो करोड़ों की मालकिन है।

जैकी की ट्रेनिंग रूटीन किसी भी प्रोफेशनल बॉडीबिल्डर से कम नहीं

खुद को कहती है 'लेडी हल्क', हॉलीवुड स्टार से भी ज्यादा बाइसेप्स

एम्स्टर्डम। जब बात बाइसेप्स और बॉडीबिल्डिंग की आती है, तो अक्सर हमारे दिमाग में बॉलीवुड के सुपरस्टार्स सलमान खान और रितिक रोशन का नाम आता है। साथ ही हॉलीवुड स्टार अर्नोल्ड श्वार्जनेगर भी जेहन में आ जाते हैं। लेकिन, नीदरलैंड्स की रहने वाली लेडी हल्क जैकी कोर्न ने इस मामले में सभी को पीछे छोड़ दिया है। ये खुद को 'शी-हल्क' बुलाना पसंद करती हैं। जैकी के बाइसेप्स का साइज 24 इंच है, जो कि हॉलीवुड के मशहूर बॉडीबिल्डर और टर्मिनेटर सीरीज के हीरो अर्नोल्ड श्वार्जनेगर के प्राइम टाइम के बाइसेप्स (22 इंच) से भी बड़ा है। वहीं, रितिक रोशन और सलमान खान के बाइसेप्स 18 इंच के करीब हैं। 34 साल की फिटनेस एंथूजियास्ट जैकी कोर्न ने अपने जबरदस्त फिजिक से सोशल मीडिया पर धूम मचा रखी है। उनका कहना है कि उन्हें अपने कर्वी फिगर और विशाल मसल्स से प्यार है और वह इसके लिए कड़ी मेहनत करती हैं। जैकी ने बताया कि उन्होंने 2020 में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान किकबॉक्सिंग से ब्रेक लिया था और तभी उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें बड़े फ्रेम के साथ ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस होता है। तब से उन्होंने अपना वजन दोगुना कर लिया है और मसल्स बनाने पर फोकस किया. जैकी का कहना है कि उन्हें ऑनलाइन कई बार 'फैट' या 'मैनली' जैसे कमेंट्स मिलते हैं, लेकिन वह इन नेगेटिव कमेंट्स को इग्नोर करती हैं।

'शी-हल्क' बनकर वह पहले से ज्यादा स्ट्रॉन्ग करती हैं महसूस

जैकी ने यह भी बताया कि किकबॉक्सिंग के दौरान वह हमेशा स्ट्रॉन्ग महसूस करती थीं, लेकिन लगातार डाइटिंग की वजह से वह थक जाती थीं. अब 'शी-हल्क' बनकर वह पहले से ज्यादा स्ट्रॉन्ग महसूस करती हैं और साथ ही अपनी बॉडी के साथ कम्फर्टेबल भी हैं। उन्हें अब वजन कम करने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि वह हेल्दी डाइट लेती हैं और ज्यादा से ज्यादा कैलोरीज कंज्यूम करती हैं। बता दें कि जैकी की ट्रेनिंग रूटीन किसी भी प्रोफेशनल बॉडीबिल्डर से कम नहीं है। वह अपनी ट्रेनिंग की शुरुआत 100 पुशअप्स और 250 सिट-अप्स से करती हैं, जिसके बाद वह दो घंटे की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करती हैं।

किसी से कम नहीं हैं महिलाएं

जैकी कोर्न को उनके कर्वी फिगर के लिए कई बार आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्हें कई लोगों की तारीफें भी मिलती हैं। कई लोग उन्हें 'परफेक्ट वुमन' बताते हैं और कुछ तो उनसे शादी करने की इच्छा भी जताते हैं। लेकिन जैकी का कहना है कि वह खुद को जैसी हैं, वैसे ही पसंद करती हैं, और यही सबसे जरूरी है। इस तरह, जैकी कोर्न ने न सिर्फ फिटनेस की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, बल्कि यह भी साबित किया है कि महिलाएं भी किसी से कम नहीं हैं। उनके बाइसेप्स का साइज अर्नोल्ड श्वार्जनेगर, सलमान खान और रितिक रोशन जैसे स्टार्स से भी बड़ा है, और यह उनकी मेहनत और लगन का नतीजा है।

सरकारी अस्पताल दे रहे मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीमारियों की पहचान के लिए जांच के नाम पर निजी डायग्नोसिस लैब द्वारा वसूली जाने वाली मोटी रकम के बीच डीके और आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को रियायती दर पर जांच की सुविधाएं मिल रही हैं। एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी जरूरी जांच के लिए निजी अस्पतालों में जहां पांच हजार तक खर्च हो रहे हैं, वहीं दोनों अस्पतालों में 15 से 35 सौ में मरीजों की जांच हो जा रही है। दोनों अस्पताल में निजी अस्पतालों और डायग्नोसिस लैब की तुलना में आधी दर पर जांच की सुविधा इन अस्पताल में मिल रही है। आंबेडकर अस्पताल में रेडियोडायग्नोसिस विभाग द्वारा जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, वहीं डीके सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में आउटसोर्सिंग के माध्यम से 24 घंटे जांच मुहैया कराई जा रही है। चिकित्सकों की मानें, तो अंदरूनी चोटें और बीमारी की गंभीरता का पता लगाने के लिए एमआरआई और सीटी स्कैन की जांच कराई जाती है। निजी अस्पताल अथवा डायग्नोसिस लैब में इसके लिए मरीजों से पांच से पंद्रह हजार रुपए तक वसूला जाता है, जबकि दोनों सरकारी अस्पताल में यह काम डेढ़ से पांच हजार के खर्च में पूरा हो जाता है। आंबेडकर अस्पताल में मरीजों का अत्याधिक बोझ होने की वजह से दूसरे स्थानों से आने वाले जरूरतमंदों को इसका अधिक लाभ नहीं मिल पाता। दूसरी ओर डीके अस्पताल में आने वाले मरीजों के अलावा बाहर से आने वालों को भी जांच की सुविधाएं दी जाती हैं, मगर जानकारी के अभाव में मरीज इनका ज्यादा लाभ नहीं उठा पाते।

निजी डायग्नोसिस लैब की तुलना में डीके और आंबेडकर अस्पताल में जांच शुल्क आधा

महत्वपूर्ण जांच और शुल्क

जांच	डीकेएस	आंबेडकर	निजी लैब
एमआरआई (प्लेन)	1851	3500	5000
एमआरआई (कंट्रास्ट)	2700	5000	10000
सीटी स्कैन (प्लेन)	834	1400	4000
सीटी स्कैन (कंट्रास्ट)	1251	1800	5500
एक्सरे चेस्ट (वन फिल्म)	55	60	200

बजट में संसाधन बढ़ाने प्रावधान

मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा आंबेडकर अस्पताल में संसाधन बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। यहां अभी मरीजों की जांच के लिए एक सीटी स्कैन और एक एमआरआई मशीन है, जिस पर दबाव अधिक है। इसकी वजह से मरीजों को जांच के लिए वेटिंग मिलती है। इसकी वजह से उनके इलाज में देर होती है।

डीके में 10 रुपए की पर्ची आंबेडकर में निशुल्क

डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का संचालन स्वशासी समिति द्वारा किया जाता है, इसकी वजह से यहां ओपीडी पंजीयन के लिए 10 रुपए शुल्क लिया जाता है। वहीं आंबेडकर अस्पताल में पंजीयन की सुविधा मरीजों को निशुल्क प्रदान की जाती है। दोनों अस्पतालों में मरीजों के जनरल बेड से लेकर आईसीयू का चार्ज भी नाममात्र का है।

90 फीसदी आयुष्मान वाले

डीके सुपर स्पेशलिटी और आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले 90 फीसदी मरीज आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राही होते हैं। उनके उपचार और जांच में आने वाला खर्च कार्ड से ब्लाक किया जाता है। जिन 10 फीसदी मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं होता, उनसे उपचार के दौरान निर्धारित शुल्क लिया जाता है।

खबर संक्षेप

स्थायी वारंटी यासिन अली गिरफ्तार

रायपुर। पंडरी थाने की पुलिस ने स्थायी वारंटी हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने यासिन अली को गिरफ्तार किया है। यासिन के खिलाफ पंडरी में हत्या, हत्या की कोशिश सहित शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट, लूट तथा नारकोटिक्स एक्ट के एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

दान पेटी से पैसा चोरी दो शातिर गिरफ्तार

रायपुर। सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने मंदिर की दान पेटी से पैसा चोरी करने के आरोप में दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। विक्रम सिंह की शिकायत पर पुलिस ने मोहम्मद शेख अल्फाज तथा करण तांडी को गिरफ्तार किया है।

19 लाख का गबन, दैवेभो के खाते में पैसे डलवाकर मोबाइल से अपने खाते में करता रहा मनी ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में लाखों का गबन करने वाले कमर्चारी के खिलाफ अंततः एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जांच में 18 लाख 55 हजार 289 रुपए का गबन सामने आया है। गौरतलब है कि जांच प्रक्रिया से लेकर पूरे घोटाले को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जांच में आरोपी का नाम सामने आने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं कराए जाने को लेकर भी सवाल उठाए गए थे। अंततः उच्च शिक्षा विभाग ने सहायक ग्रेड-2 बाबू आकाश श्रीवास्तव के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग अपर संचालक डॉ.किरण ने एफआईआर दर्ज करवाई है। वित्तीय अनियमितता और शासकीय पैसों के गबन का आरोप लगाया गया है। आरोपी के खिलाफ सरस्वती नगर थाना में यह एफआईआर हुई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बैठायी गई जांच कमेटी की रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों के आधार पर यह एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसमें वित्तीय अनियमितताओं तथा शासकीय पैसों के गबन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

- उच्च शिक्षा विभाग के सहायक ग्रेड 2 बाबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- साइंस कॉलेज परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में 2 साल से होती रही जालसाजी

आरोपी कर्मचारी की नियुक्ति को लेकर भी सवाल उठ रहे है। आकाश श्रीवास्तव की नियुक्ति 3 सितंबर 2020 को हुई थी।

यह है मामला

आरोपी कर्मचारी आकाश श्रीवास्तव द्वारा सक्षम अधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर कॉपी करके उन कर्मचारियों को वेतन प्रदान करने उच्च शिक्षा विभाग को खत भेजा गया, जो वहां कार्यरत ही नहीं थे। उच्च शिक्षा विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय और रूसा कार्यालय दोनों ही साइंस कॉलेज परिसर में स्थित है। रूसा के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत बताकर उनके लिए वेतन जारी करने खत प्रेषित किया जाता रहा। कर्मचारियों के खाते में वेतन आने के बाद मोबाइल बैंकिंग के जरिए पैसे अपने खातों में ट्रांसफर करवाता रहा। नवंबर 2023 से मार्च 2025 तक लगभग दो साल यह सिलसिला चलता रहा। उच्च शिक्षा विभाग को प्राप्त शिकायत पर अंततः 3 व 4 मार्च को टीम ने कार्यालय में दबिश देकर गहन जांच की।

SPECTRUM

चिंतन

परिसीमन पर डीएमके का वितंडा निरर्थक

परिसीमन और हिन्दी भाषा पर तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके का विवाद खड़ा करना राज्य के विकास से जुड़े असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक या डीएमके) के सदस्य बृहस्पतिवार को प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर संसद के दोनों सदनों में पहुंच गए, जिस कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई और अंततः दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। परिसीमन के मुद्दे पर सदन को बाधित करना कहीं से भी उचित नहीं है, अभी परिसीमन प्रारंभ भी नहीं हुआ है, वर्ष 2026 में प्रस्तावित है। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके की मांग है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे उन प्रदेशों को लोकसभा सीटों के संदर्भ में नुकसान होगा, जिन्होंने प्रभावी ढंग से जनसंख्या नियंत्रण किया है। पिछले सप्ताह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिणी राज्यों को आश्वासन दिया था कि यदि परिसीमन किया जाता है, तो उन्हें एक भी संसदीय सीट नहीं खोनी पड़ेगी। तमिलनाडु को केंद्र पर भरोसा करना होगा। राजनीति के लिए केंद्र से टकराव संघीय व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। आगे तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव है, तो डीएमके प्रमुख व सीएम एमके स्टालिन की कवायद तमिल स्मिता को भड़का कर फिर से सत्ता पाने की है। क्योंकि नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूला है, इसलिए तमिल को कोई खतरा नहीं है, केंद्र सरकार किसी भी राज्य पर नई शिक्षा नीति में हिन्दी नहीं थोप रही है। संविधान में अनुसूचित 22 भाषाओं में हिंदी भी है और तमिल भी। तमिल संस्कृत की तरह प्राचीन भाषा है। डीएमके करुणानिधि के वक्त से ही फ्रीबिज और तमिल अस्मिता की राजनीति करती रही है, जिसमें तमिल हिंदी व हिंदू धर्म के खिलाफ प्रोपेगैंडा शामिल है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने एमके स्टालिन के हिंदी विरोध को खारिज किया है और हिंदी की व्यापकता से किसी भी राज्यीय व अन्य भारतीय भाषा को खतरा नहीं होने की बात कही है। कला क्षेत्र से बात निकली है कि अगर हिंदी विरोध इतना सशक्त है तो तमिल फिल्मों का हिंदी डब क्यों होता है, जो बड़ा बाजार है। तमिल भाषा की रक्षा का दायित्व डीएमके का नहीं है, यह समस्त तमिल भाषी लोगों का है। इसके ठेकेदार बनने की किसी को कोई जरूरत नहीं है। जब डीएमके नहीं बनी थी, तब भी तमिल भाषा थी। परिसीमन पर वितंडा खड़ा कर राजनीति करना डीएमके को ही नुकसान पहुंचाएगा। तमिलनाडु केवल डीएमके नहीं है। समृद्ध तमिलनाडु की एसजीडीपी में सतत कमी के लिए डीएमके और अन्ना डीएमके पार्टियां ही जिम्मेदार हैं। परिसीमन व हिन्दी के नाम पर तमिलनाडु के विकास व रोजगार के प्रश्न को नहीं ढंका जा सकता है। लोकसभा सीटों का वर्तमान वितरण 1971 की जनगणना पर आधारित है। 1976 में, आपातकाल के दौरान, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 42वां संविधान संशोधन पारित किया, जिसने 2001 की जनगणना तक 25 वर्षों के लिए संसदीय सीटों के संशोधन को रोक दिया था। 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के ज़रिए इस प्रतिबंध को 2026 तक बढ़ा दिया था। दोनों संशोधनों के पीछे तर्क जनसंख्या नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देना था। तमिलनाडु समेत सभी चिंतित राज्यों को वर्ष 2026 का इंतजार करना चाहिए। तब तक डीएमके के हायतौबा का कोई अर्थ नहीं है।

क्रायोजेनिक तकनीक में देश की छलांग

मानवयुक्त गगनयान
प्रमोद भार्गव

> इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी नारायण ने कहा है कि भारत उन छह देशों में से एक हैं, जिन्होंने स्वदेशी क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी विकसित कर ली है। अन्य पांच देश अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन और जापान हैं। आईआईटी मद्रास में नए शोध केंद्र के शुभारंभ पर नारायण ने आगे कहा कि इसरो के सीई-20 इंजन ने गगनयान मिशन के लिए मानव रेटिंग हासिल कर ली है। मानव रेटिंग प्रक्रिया तय करती है कि मनुष्य को अंतरिक्षयान में लेकर उड़ान भरने वाली यह प्रणाली सुरक्षित है। यह अंतरिक्ष यात्रा के लिए सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है।

नारायण ने बताया कि एक समय क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी भारत को अन्य देशों ने नहीं दी थी। परंतु आज हमारे पास तीन ऐसे इंजन हैं, जिनमें से तीसरा मानव रेटेट है। हमने इस प्रौद्योगिकी में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। इस अभियान को तीसरे प्रयास में ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया गया था। इंजन के परीक्षण से लेकर उड़ान भरने तक यह अभियान 28 महीनों में पूरा किया, जबकि अन्य देशों को इसमें 42 महीनों से लेकर 18 वर्ष तक का समय लगा। परीक्षण में भी हमें मात्र 34 दिन लगे, जबकि अन्य देशों को परीक्षण पूरा करने में ही पांच से छह माह तक लगे हैं। अतएव इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। असल में किसी भी प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं। भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था, लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई, लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते स्वदेशी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित कर लिया गया।

मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पैलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के असफल होने की स्थिति में क्रू मॉड्यूल अर्थात जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे, को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए 'क्रू एस्केप सिस्टम' यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर

चुका है। इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि यान के असफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। गगनयान परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। बाद में सुरक्षित पृथ्वी पर वापस समुद्र में उनकी लैंडिग कराई जाएगी। अतएव भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो में वैज्ञानिकों के साथ बातचीत में उनके लिए लक्ष्य भी तय कर दिए हैं कि 2035 में भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो तथा 2040 में चंद्रमा पर भारतीय नागरिक के कदम पड़ जाएं। अब तक भारतीय या भारतीय मूल के तीन वैज्ञानिक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं। राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। इनके अलावा भारतीय मूल की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष जा चुकी हैं। हालांकि पूर्व में भारत ने 2022 तक अंतरिक्ष में मानव भेजने की घोषणा की थी। लेकिन इस पर समय रहते क्रियान्वयन नहीं हो पाया। अंतरिक्ष में मानवरहित और मानवचालित दोनों तरह के यान भेजे जाएंगे। पहले चरण में योजना की सफलता को परखने के लिए अलग-अलग समय में दो मानव-विहीन यान अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे। इनकी कामयाबी के बाद मानव-युक्त यान अपनी मंजिल का सफर तय करेगा। यह सावधानी इसलिए बरती जा रही है, क्योंकि अमेरिकी मानव मिशन की असफलता के चलते भारतीय महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला की मृत्यु हो गई थी। वे कोलंबिया अंतरिक्ष यान आपदा में मारे गए 7 यात्री दल सदस्यों में से एक थीं।

मानव युक्त गगनयान की कामयाबी के बाद भारत अमेरिका, रूस और चीन की श्रेणी में आ जाएगा। क्योंकि इन्हीं देशों ने अब तक अंतरिक्ष में अपने मानवयुक्त यान भेजने में सफलता पाई है। भारत ने अब अंतरिक्ष में बड़ी छलांग लगाने की पहल कर दी है। भारत द्वारा अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले गगनयान का भार 7 टन, ऊंचाई 7 मीटर और करीब 4 मीटर व्यास की गोलाई होगी। 'गगनयान' जीएसएलवी (एमके-3) रॉकेट से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद 16 मिनट में अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंच जाएगा। इसे धरती की सतह से 400 किमी की दूरी वाली पृथ्वी कक्षा में स्थापित किया जाएगा। सात दिन तक कक्षा में रहने के बाद गगनयान को अरब-सागर, बंगाल की खाड़ी अथवा जमीन पर उतारा जाएगा। इस संबंध में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेष शर्मा से भी मदद ली जा रही है। भारत पहले दो गगनयान-अभियान मानवरहित भेजेगा। दरसअल अंतरिक्ष में मौजूद ग्रहों पर यानों को भेजने की प्रक्रिया बेहद जटिल और शंकाओं से भरी होती है। यदि अवरोह का कोण जरा भी डिग जाए या फिर गति का संतुलन थोड़ा सा ही लड़खड़ा जाए तो कोई भी अंतरिक्ष-अभियान ध्वस्त हो जाता है या अंतरिक्ष में कहीं भटक जाता है। भारत ने गगनयान को अंतरिक्ष में भेजने की दृष्टि से श्रीहरिकोटा में जीएसएलवी मार्क-3 को स्थापित करने की तैयारी शुरू की हुई है। इसरो ने परीक्षण के तौर पर क्रू एस्केप मॉड्यूल का पहला पड़ाव पार कर लिया है और अब मानव रेटेट क्रायोजेनिक इंजन भी तैयार भी हो गया है। बहरहाल, अंतरिक्ष में भारतीय मानव मिशन के सफल होने के बाद ही चंद्रमा और मंगल पर मानव भेजने का रास्ता खुलेगा। इन पर बस्तियां बसाए जाने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष पर्यटन के भी बढ़ने की उम्मीद है। इसरो की यह सफलता अंतरिक्ष पर्यटन की पृष्ठभूमि का एक हिस्सा है। यह अभियान देश में अंतरिक्ष शोधकार्यों को बढ़ावा देगा। साथ ही भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रोद्यौगिकी तैयार करने में मदद मिलेगी। वैज्ञानिकों का तो यहां तक दावा है कि दवा, कृषि, औद्योगिक सुरक्षा, प्रदूषण, कचरा प्रबंधन तथा पानी एवं खाद्य स्त्रोत प्रबंधन के क्षेत्र में भी तरक्की के नए मार्ग खुलेंगे।

(लेखक साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विश्व जल दिवस

पंकज चतुर्वेदी



भविष्य के लिए पानी की बर्बादी को रोकना जरूरी

जाम्बा, करनाल से कैथल जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक संपन्न गांव है। कोई 1250 की आबादी वाले पूरे गांव में 242 घर हैं और सभी पक्के हैं। यहां 'हर घर जल की सरकारी योजना के तहत प्रत्येक घर तक पानी की लाइन है। गांव में ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा ने एक ट्यूबवेल लगा रखा है। एक कर्मचारी सुबह-शाम एक-एक घंटा इसे चला कर घरों तक पानी पहुंचाता है। पानी को क्लोरिन से शुद्ध किया जाता है। सरकार इसके लिए महज चालीस रुपये महीना लेती है और वह भी कई ग्रामीण चुकाते नहीं। गांव वालों की शिकायत है कि पानी कम आता है। हकीकत तो यह है कि दिन में दो घंटे मोटर चलने से एक आठ लोगों के परिवार के पीने, रसोई, नहाने का पानी पर्याप्त पहुंच जाता है। असल में हर घर में मवेशी पले हैं और अब ग्रामीण चाहते हैं कि ढोर के नहलाने का पानी भी नल से ही आए। यह पूरी सरकारी योजना जिस भूजल पर टिकी है, असल में वह किसी भी दिन धोखा दे सकती है। जाम्बा को ही क्यों कोसें, दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों को इस बात के लिए गर्व से प्रचारित किया जाता है कि वहां घरों में गंगा-वाटर आता है। ऐसे इलाकों में फ्लेट के दाम इस कारण अधिक होते हैं। जिस गंगा जल को घरों में एक बोतल में पवित्र निशानी की तरह रखा जाता है, वह गंगा जल लाखों घरों में शौचालय से लेकर कपड़े धोने तक में इस्तेमाल होता है। कृषि मंत्रालय के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक ताजा शोध बताता है कि सन 2030 तक हमारे धरती के तापमान में 0.5 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि अवश्यंभावी है। साल-दर-साल बढ़ते तापमान का प्रभाव सन 2050 में 0.80 से 3.16 और सन 2080 तक 1.56 से 5.44 डिग्री हो सकता है। जान लें कि तापमान में एक डिग्री बढ़ोतरी का अर्थ है कि खेत में 360 किलो फसल प्रति हैक्टेयर की कमी आ जाना। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते खेती के लिहाज से 310 जिलों को संवेदनशील माना गया है। सामने दिख रहा है कि संकट अकेले पानी का ही नहीं है, अलग-अलग किस्म का पानी, अलग-अलग इस्तेमाल के लिए कैसे छांटा जाए, इस बारे में तंत्र विकसित करना और सबसे बड़ी बात इसके लिए जागरुकता फैलाना अनिवार्य है। भारत में जिस साल अल्प वर्षा होती है, उस साल भी इतनी कृपा बरसती है कि सारे देश की जरूरत पूरी हो सकती है लेकिन हमारी असली समस्या बरसात की हर बूंद को रोक रखने के लिए हमारे पुरखों द्वारा बनाए तालाब-बावड़ी या नदियों की दुर्गति करना है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइनों के वॉल्व की खराबी के कारण 17 से 44 प्रतिशत पानी प्रतिदिन बेकार बह जाता है। ब्रह्मपुत्र नदी का प्रतिदिन 2.16 घन मीटर पानी बंगाल की खाड़ी में चला जाता है। भारत में हर वर्ष बाढ़ के कारण करीब हजारों मौतें व अरबों का नुकसान होता है। इजरायल में औसत बारिश 10 सेंटीमीटर है, इसके बावजूद वह इतना अनाज पैदा कर लेता है कि वह उसका निर्यात करता है। दूसरी ओर भारत में औसतन 50 सेंटीमीटर से भी अधिक वर्षा होने के बावजूद सिंचाई के लिए जरूरी जल की कमी बनी रहती है। यह भी कड़वा सच है कि हमारे देश में औरतें पीने के पानी के जुगाड़ के लिए हर रोज ही औसतन चार मील पैदल चलती हैं। पानीजन्य रोगों से विश्व में हर वर्ष 22 लाख लोगों की मौत हो जाती है। पूरी पृथ्वी पर एक अरब 40 घन किलोलीटर पानी है। इसमें से 97.5 प्रतिशत पानी समुद्र में है जोकि खारा है, शेष 1.5 प्रतिशत पानी बर्फ के रूप में ध्रुव प्रदेशों में है। बचा एक प्रतिशत पानी नदी, सरोवर, कुआं, झरना और झीलों में है। इस एक प्रतिशत पानी का 60वां हिस्सा खेती और उद्योगों में खपत होता है। बाकी का 40वां हिस्सा हम पीने, भोजन बनाने, नहाने, कपड़े धोने आदि में खर्च करते हैं। यदि ब्रश करते समय नल खुला रह गया है तो पांच मिनट में करीब 30 लीटर पानी बर्बाद होता है। यदि अभी पानी को सहेजने और किफायती इस्तेमाल पर काम नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब सरकार की हर घर नल जैसी योजनाएं जल-स्त्रोत ना होने के कारण रीती दिखेंगी। जान लें, पानी की कमी, मांग में वृद्धि तो साल-दर-साल ऐसी ही रहेगी। अब मानव को ही बरसात की हर बूंद को सहेजने और उसे किफायत से खर्च करने पर विचार करना होगा। इसमें अन्न की बर्बादी सबसे बड़ा मसला है। जितना अन्न बर्बाद होता है, उतना ही पानी जाया होता है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

निंदा का परित्याग

संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

अंतर्मन

आज की पाती

वैश्विक होती दुनिया में पेड़

वैश्विक फलक पर सबसे अहम गणना, जनगणना मानी जाती है। हालांकि पालतू-पशु, वन्य जीव और वृक्षों की गिनती भी होती रही है, लेकिन इन्हें जनगणना के मुकाबले अहमियत नहीं दी जाती। यही वजह रही कि विश्व स्तर पर वृक्षों की, की गई गिनती के निष्कर्षों को समाचार माध्यमों ने उतना महत्व नहीं दिया, जितना दिया जाना चाहिए था, जबकि पेड़ों की अस्मिता पर ही मनुष्य व अन्य प्राणियों का जीवन टिका हुआ है। गोया, पेड़ एक ऐसी प्राकृतिक संपदा है, जिसका यदि विनाश होता है तो मनुष्य का सुखद जीवन भी संभव नहीं है। जब से मानव सभ्यता के विकास का क्रम शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक वृक्षों की संख्या में 46 प्रतिशत की कमी आई है। आकलन है कि विश्व में तीन लाख करोड़ वृक्ष हैं। वन दिवस पर हमें पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। *– मोहन कश्यप, सरायपाली*

ट्रेंड

नई रोजगार योजना

किसी भी राष्ट्र की ताकत को उस राष्ट्र के युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और अनुशासन से मापा जा सकता है। हम नई स्कीम को लेकर आए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश के युवा को प्रदेश के बाहर नौकरी और रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

सामूहिक सहभागिता

दिल्ली के विकास के लिए सबका साथ और सामूहिक सहभागिता जरूरी है। जब हम मिलकर काम करेंगे, तभी हर समस्या का समाधान होगा और विकसित दिल्ली का सपना साकार होगा। आइए, एक साथ आगे बढ़ें और दिल्ली को ऊंचाइयों तक ले जाएं!
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

भाजपा-आप किसान विरोधी

ऐसा लगता है कि दो किसान विरोधी पार्टियों ने देश के अन्नदाता के विरोध में सांठगांठ कर ली है! पहले किसानों को पंजाब सरकार ने बातचीत के लिए बुलाया, फिर जबरन धरना स्थल से हटाया। भाजपा-आप दोनों ही किसानों की अपराधी रहीं हैं।
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

ओटीटी प्लेटफॉर्म

ओटीटी प्लेटफॉर्म ने बैंडिट क्वीन का सेंसर किया हुआ संस्करण काट दिया, मुझे यकीन भी नहीं है कि उन्हें कानूनी तौर पर ऐसा करने की अनुमति है.. उन्होंने बस फिल्म का अपना संस्करण पेश किया।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

करंट अफेयर

टेक्सास की संसद ने पारित किया होली का प्रस्ताव



टेक्सास की संसद ने प्रमुख हिंदू त्योहार होली के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें आधिकारिक तौर पर होली को एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व के रूप में मान्यता दी गई है। इस कदम के साथ जॉर्जिया और न्यूयॉर्क के बाद होली को औपचारिक रूप से मान्यता देने वाला टेक्सास, तीसरा अमेरिकी राज्य बन गया है। यह प्रस्ताव सांसद सारा एकहार्ट ने पेश किया जिसे 14 मार्च को होली के ठीक पहले पारित किया गया। इस प्रस्ताव में होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रस्ताव में कहा गया है, ' इस उल्लासमय त्योहार की शुरुआत हजारों वर्ष पहले हुई थी। इस त्योहार को दुनिया में हर पृष्ठभूमि वाले वे लोग मनाते और मान्यता देते हैं जो इसे प्रेम, ऊर्जा और प्रगति का पर्व मानते हैं।' ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत मंजूनाथ ने बताया, ''यह टेक्सास के लिए गर्व और ऐतिहासिक क्षण है। राज्य सीनेट द्वारा होली को मान्यता देना विविधता, एकता, मित्रता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम सीनेटर सारा एकहार्ट और उन सभी लोगों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस प्रस्ताव को संभव बनाया...।' 'हिन्दू अमेरिकन फाउंडेशन' ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

ऑफ बीट

उम्र बढ़ने की प्रक्रिया सबमें समान नहीं



आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? -एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

जैकेट के शेष

नक्सलियों पर बड़ा प्रहार....

31 मार्च 2026 से पहले देश होगा नक्सलमुक्त : अमित शाह : जवानों की सफलता पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है। गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर जवानों की सराहना की है और एक जवान की शहादत को नमन किया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षा बलों के जवानों ने 2 अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सलियों को ढेर कर दिया।

2026 तक भयमुक्त होगा बस्तर यह तय है : सीएम : सीएम विष्णदेव साय ने कहा कि बीजापुर व कांकेर में हुई मुठभेड़ में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने ट्वीट कर जवानों के अदम्य शौर्य की सराहना की है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा क्रूर, निरंकुश नक्सलवाद का अंत उचित है और 2026 बस्तर भयमुक्त होगा यह सुनिश्चित है। प्रदेश में नक्सलवाद के विरुद्ध हमारी लड़ाई मजबूती से जारी है। आज सुरक्षाबल के जवानों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में बीजापुर-गंगालूर में 26 और कांकेर-नारायणपुर में 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में डीआरजी के जवान के शहीद होने की भी दुःखद खबर है। उनकी यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह सफलता सराहनीय है। उनके हौसले और अदम्य साहस को नमन करता हूं।

शांति और विकास की राह में बाधा बनने वालों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई : शर्मा : उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी ट्वीट कर जवानों की सराहना की है। उन्होंने लिखा-कांकेर में आज सुबह सर्चिंग के दौरान डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम का माओवादियों से भीषण मुठभेड़ जारी है। कांकेर में अब तक 4 और बीजापुर में 26 माओवादी मारे गए हैं और मौके से ऑटोमैटिक हथियार समेत भारी मात्रा में सामग्री बरामद हुई है। सर्चिंग अभी भी जारी है।

यह ऑपरेशन हमारे बहादुर जवानों के अदम्य साहस, शौर्य और मजबूत भुजाओं का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शांति और विकास की राह में बाधा बनने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

जवानों का डीआईजी ....

बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ व अन्य सुरक्षबलों की सफलता है। जवानों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है और जल्द ही बस्तर को नक्सलमुक्त करने हम प्रयासरत है।

आईपीएल में गेंदों ....

रहे लेकिन अधिकांश ने इस कदम का समर्थन किया।

पीएम मोदी के 'ड्रीम प्रोजेक्ट' को सच करने वाले चीता एक्सपर्ट की मौत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

■ रियाद के अपार्टमेंट में मिला शव

दुनिया के प्रसिद्ध चीता विशेषज्ञ और 'द मेटापॉपुलेशन इनिशिएटिव' के संस्थापक विन्सेंट वैन डेर मेरवे का शव सऊदी अरब की राजधानी रियाद के एक अपार्टमेंट में मिला है। उनके निधन की खबर से दुनियाभर के वन्यजीव संरक्षणवादियों में शोक की लहर दौड़ गई है। विन्सेंट वैन डेर मेरवे मूल रूप से दक्षिण अफ्रीका के निवासी थे और दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ एशिया में चीता संरक्षण एवं पुनर्वास के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते थे। उनकी संस्था 'द मेटापॉपुलेशन इनिशिएटिव' इन दिनों सऊदी अरब सरकार के साथ मिलकर वहां चीतों को बसाने की योजना पर काम कर रही थी। इसी सिलसिले में वह रियाद गए थे, जहां उनका शव बरामद हुआ। विन्सेंट ने अफ्रीका और एशिया में चीतों के पुनर्वास से जुड़े कई परियोजनाओं में सक्रिय रूप से काम किया था। उनकी विशेषज्ञता और समर्पण ने चीता संरक्षण के क्षेत्र में एक अमिट छाप छोड़ी।

पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट से जुड़े थे विन्सेंट

विन्सेंट वैन डेर मेरवे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी 'प्रोजेक्ट चीता' से भी गहरे तौर पर जुड़े थे। इस परियोजना के तहत मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीतों को फिर से बसाने का प्रयास किया जा रहा है। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए गए चीतों को भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल ढालने में उनकी भूमिका बेहद अहम थी। वह उन चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों में से एक थे, जिन्होंने इस परियोजना को दिशा-निर्देश प्रदान किए। यह परियोजना भारतीय घास के मैदानों में अफ्रीकी चीतों को बसाने की एक अनूठी पहल है। चुनौतियों के बावजूद, विन्सेंट ने इस प्रोजेक्ट में अपनी आस्था जताई थी और इसके शुरुआती चरणों की सफलता में उनका बड़ा योगदान रहा।



पूर्व तट रेलवे

(1) निविदा सूचना सं.VSKP-ELECTG-24-25-WC-30-1, दिनांक : 12.03.2025

कार्य का नाम: अमृत भारत स्कीम के अधीन वाल्टियर मण्डल के KK लाइन स्थित जेयपुर, कोरापुट, दामनजोड़ी, जगदलपुर, अराकु, कोत्तवलसा में 13 संख्यक लिफ्ट (13 पैसेंजर एवं 20 पैसेंजर) का प्रावधान।

निविदा मूल्य (रुपये में): 6,05,88,921.07/-, बिड सिक्युनिटी (रुपये में): 4,53,000/-।

(2) निविदा सूचना सं.VSKP-ELECTG-24-25-WC-30-2, दिनांक : 12.03.2025

कार्य का नाम: अमृत भारत स्कीम के अधीन वाल्टियर मण्डल के मेन लाइन एवं RV लाइन स्थित दुव्वाड़ा, विजयनगरम, चिपुरुपाली, श्रीकाकुलम, नौपड़ा, पार्वतीपुरम, बोब्बिलि में 15 संख्यक लिफ्ट (13 पैसेंजर एवं 20 पैसेंजर) का प्रावधान।

निविदा मूल्य (रुपये में): 7,62,39,619.43/-, बिड सिक्युनिटी (रुपये में): 5,31,200/-।

पूरा होने की अवधि: 365 दिन (दोनों निविदा हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 08.04.2025 को 1330 बजे (दोनों निविदा हेतु),

निविदा खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक 08.04.2025 को 1600 बजे (दोनों निविदा के लिए)।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (G)/ वाल्टियर

PR-1107/P/24-25

कार्यालय नगर पंचायत कसडोल जिला- बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक/102-104/न.पं./लो.नि.शा./2024-25   कसडोल, दिनांक 19/03/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत कसडोल द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनु.लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	ई-निविदा की स्थिति
1	166075	वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पंचायत कसडोल के विभिन्न विभागों हेतु कुशल/अर्द्धकुशल/ अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति।	99.50	07/04/2025 17:00:00	द्वितीय
2	166085	ओ.पी.व्ही.सी. पाईप लाईन विस्तार कार्य (3500 मी. तक) फिल्टर प्लांट के इंटेकवेल महानदी कार्य।	76.12	11/04/2025 17:30:00	द्वितीय

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http// eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें। समय पर करों का भुगतान करें

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कसडोल



पेज एक के शेष

फंड की कमी से...

नौकरी तो नहीं छोड़ी है, लेकिन रख-रखाव के अभाव में छत से प्लास्टर गिर रहे हैं और बच्चे टूटे फर्नीचर में बैठकर पर्चे हल कर रहे हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस शासन काल में अत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय को लेकर विशेष जोर दिया गया लेकिन सरकार बदलने के बाद स्कूल पर खास ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्कूलों को फंड ही नहीं मिल रहा है। इनको फीस लेने की भी मनाही है। **खाली कराया गया भवन :** बैकुण्ठपुर जिला मुख्यालय के आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल महलपारा के छत की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। सुरक्षा कारणों से फिलहाल बच्चों को इस भवन में नहीं बैठाया जा रहा है। बरसात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। भवन की खस्ता हालत के चलते बच्चों की कक्षाएं अन्य सुरक्षित कक्षों या खुले स्थानों पर संचालित की जा रही हैं।

हादसे से सदमे में...

अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर हैं। बच्चों ने सहमते हुए बताया कि डर तो बहुत लगता है लेकिन क्या करें? परिजन भी अपने बच्चों को स्कूल से निकालने का मन बना रहे हैं।

बाउंड्री वॉल ही टूटने...

अभाव है। कांग्रेस सरकार के दौरान राजनांदगांव जिले में 11 आत्मानंद स्कूलों का संचालन शुरू किया गया था। जिसमें दस में अंग्रेजी-हिन्दी व एक स्कूल में हिन्दी माध्यम लागू है।

अपग्रेडेशन के इंतजार...

दीपकनगर दुर्ग, तितुरडीह दुर्ग, छावनी, उतई,उमरपोटी, चरोदा, जामुल, पाउवारा, सेक्टर 9 हॉस्पिटल सहित अन्य स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शुरूआत में जो रंगरोगन किया गया था आज भी वही है। वॉटर एटीएम कई जगह बंद हो चुके हैं। फर्नीचर टूट-फूट गए हैं। लैब और लाइब्रेरी अपग्रेड नहीं किया जा सका है।

फहीम समेत छह पर...

मिलेगी, आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। अधिकारी ने बताया कि उनकी जांच से पता चला है कि सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो साझा किए जाने के बाद शुरू में गलत सूचना फैलाई गई, जिससे हिंसा और भड़क गई। मतानी ने बताया कि साइबर पुलिस की प्राथमिकी में 'माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी' (एमडीपी) के नेता फहीम खान समेत छह लोगों के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान आयत वाली चादर जलाए जाने की अफवाहों के बीच हिंसक भीड़ ने सोमवार रात को मध्य नागपुर के कई इलाकों में उत्पात मचाया था। इस घटना में पुलिस उपायुक्त रैंक के तीन अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हो गये थे। मतानी ने बताया कि खान ने औरंगजेब की कब्र को हटाये जाने की मांग को लेकर किये गये प्रदर्शन का एक वीडियो संपादित किया और इसे (सोशल मीडिया पर) प्रसारित किया। प्रदर्शन के भड़काऊ वीडियो बनाने और हिंसा भड़काने के लिए इन्हें प्रसारित करने के संबंध में चार प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। इसके अलावा और अधिक दंगे भड़काने के लिए हिंसा के वीडियो (सोशल मीडिया पर) साझा किए गए। मतानी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि इसके अलावा अभद्र पोस्ट को साझा किया गया, जिससे हिंसा और भड़क गई। **अकाउंट की हो रही चेकिंग :** पुलिस ने कहा कि इस पोस्ट को एक बांग्लादेशी यूजर ने लिखा था, जिसमें उसने कहा था कि सोमवार को हुए दंगे सिर्फ एक छोटी घटना थी और भविष्य में इससे बड़े दंगे होंगे। पुलिस अब इस अकाउंट की जांच कर रही है। साइबर सेल की जांच में यह सामने आया है कि इस अकाउंट को चलाने वाले व्यक्ति बांग्लादेश का निवासी है और उसने यह संदेश बांग्लादेश से पोस्ट किया था।

188 जजों का...

न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े को बस्तर जगदलपुर का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। किरण चतुर्वेदी प्रोसिडिंग आफिसर छग स्टेट वक्फ ट्रिब्यूनल रायपुर को कोंडागांव जिले का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। राजनांगदगांव की फैमिली कोर्ट की जज विनीता वार्नर को सूरजपुर का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में तीन...

न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल एवं न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल को और एक वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया जाए। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किये गये एक बयान में कहा गया है, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने गुजरात हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में जिन न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, उनमें लियाकाथुसैन शम्सुद्दीन पीरजादा, रामचन्द्र ठाकुरदास वच्छानी, जयेश लखंशीभाई ओडेद्रा, प्रणव महेशभाई रावल, मूल चंद त्यागी, दीपक मनसुखलाल व्यास, उत्कर्ष ठाकोरभाई देसाई और रोहनकुमार कुन्दनलाल शामिल हैं।

मस्क की कंपनी...

रूप से उसके द्वारा धारा 79(3)(बी) के उपयोग पर चिंता जतायी, जिसके बारे में 'एक्स' ने दलील दी है कि यह सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन है और डिजिटल मंच पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमतर करता है। वाद में आरोप लगाया गया है कि सरकार धारा 69ए में उल्लिखित कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए, एक समानांतर सामग्री अवरोधन तंत्र बनाने के लिए उक्त धारा का इस्तेमाल कर रही है।

न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला- बालोद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम गुरूर एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसेशर (बिसेसर) एवं उधोराम पिसरान खम्हनलाल, जाति गोंड निवासी गुरूर तहसील गुरूर जिला बालोद द्वारा अपने संयुक्त हक की ग्राम गुरूर प.ह.नं. 21 तहसील गुरूर स्थित भूमि ख.नं. 727 का टुकडा रकबा 16X26=416 वर्गफीट को ग्राम ग्राम भूलनडबरी में मकान निर्माण हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता सुबोध कुमार जैन आ. जीवनलाल निवासी ग्राम गुरूर के पास विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय बालोद को प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

अतः उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27/03/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति - दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
गुरूर, जिला-बालोद

नाम परिवर्तन

मैं,
SANGITA JAIN,
W/o Sushil Jain
उम्र 55 साल,
निवासी 24, लाल गंगा विहार कॉलोनी, आमापारा, जी.ई. रोड,
रायपुर-492001,
नोटरी जी.एल. व्यास, रायपुर के समक्ष
दिनांक 01.03.2025 को दिए गए शपथपत्र के माध्यम से
अपना नाम बदलकर
SANGEETA JAIN
रख लिया है।

कार्यालय, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

क्र./ 849 लो.नि.शा/न.पा.प./ 2025   अमलेश्वर, दिनांक 20/03/2025

// ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका अमलेश्वर के द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छ.ग. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रोक्योरमेंट में प्रतिशत दर पर P.W.D Building S.O.R 01-01-2015 /PHE SO.R 2020 में निविदा आमंत्रित की जाती है

क्र.	कार्य का विवरण (15वें वित्त आयोग अंतगर्त)	सिस्टम टेंडर नंबर	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)	निविदा विवरण तिथि
1	बजरंग नगर वार्ड क्र. 3 एवं 10 में मानस भवन से गौठान होते हुए ओ.पी.वी.सी. पाईप लाईन कार्य, पम्प स्थापना एवं पम्प हाउस निर्माण कार्य।	166154	29.28	ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07/04/2025 ऑफलाईन दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 11/04/2025

टीपः- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग के वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट uad.cg.gov.in से एवं आर्नलाईन निविदा http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

"अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें" "जल ही जीवन है"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमलेश्वर

कार्यालय नगर पालिका परिषद् आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

क्रं./2999/ न.पा./लो.नि.वि./2024-25   आरंग, दिनांक 19.03.2025

-: सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता एवं श्रृंगार हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना :-

नगर पालिका परिषद आरंग क्षेत्रांतर्गत कुल 14 नग सामुदायिक शौचालयों (02 यूनिट बिना केयर टेकर कक्ष एवं 12 यूनिट केयर टेकर कक्ष सहित) को राज्य प्रवर्तित स्वच्छता एवं श्रृगांर योजना के अंतर्गत रख रखाव एवं संचालन कार्य हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत एन.जी.ओ./स्व.सहायता समूहो से दिनांक 09.04.2025 समय 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक अशासकीय संगठन (एन.जी.ओ.) / स्व. सहायता समूह राशि 1000.00 रू. निकाय कोष में जमा कर रूचि की अभिव्यक्ति में भाग ले सकते है। इस संबंध में विस्तृत नियम एवं शर्ते तथा अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालयीन समय में निकाय के लोक निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् आरंग



राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृष — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

सिंह — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

तुला — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

मकर — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

शब्द पहेली - 5811



बाएँ से दाएँ
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

ऊपर से नीचे
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

शब्द पहेली- 5810 का हल

सूडोकु नवताल - 5821

★☆☆☆☆ सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5820 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
5	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8

नया म्यूजिक वीडियो 'देखा जी देखा मैंने' जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ तलाक हो गया है। इस बीच धनश्री ने अपना नया गाना रिलीज किया है, जो शादी में बेवफाई और मारपीट पर है। इस पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं।

टीम इंडिया के क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर-एक्ट्रेस धनश्री वर्मा का गुरुवार को आधिकारिक तौर पर तलाक हो गया। इस फैसले के बीच धनश्री ने अपना नया म्यूजिक वीडियो 'देखा जी देखा मैंने' जारी किया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे बाहर से खुशहाल दिख रही शादी बेवफाई और बुरे बर्ताव से भरी हुई है। इस गाने को लेकर नेटिजन्स रिएक्ट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा के इस नए गाने का टाइटल, 'देखा जी देखा मैंने, दिल का रोना देखा, गैरों के बिस्तर पे, अपनों का सोना देखा...।' टी-सीरीज के इस गाने के लिरिक्स जानी ने लिखे हैं। सिंगर ज्योति नूरन हैं। खुद धनश्री और उनके साथ ईश्वक सिंह नजर आए हैं। खबर लिखे जाने तक इस गाने को यूट्यूब पर 2 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।

जना सांघी पहुंचीं स्वर्ण मंदिर बचपन की यात्राओं को किया याद

मुंबई। दिल बेचारा, धक धक, कड़क सिंह और अन्य फिल्मों में अपने दिल को छू लेने वाले अभिनय के लिए मशहूर संजना सांघी ने हाल ही में स्वर्ण मंदिर का दौरा किया, जो भारत के देश-दुनिया के समान ही उनके जीवन में भी एक पवित्र स्थान रखता है। शहर के साथ अपने गहरे जुड़ाव को साझा करते हुए, उन्होंने अपनी मां और भाई के साथ ट्रेन से दिल्ली से अमृतसर तक की बचपन की यात्राओं को याद किया। वे कहती हैं, 'अमृतसर मेरे दिल के बहुत करीब है। स्वर्ण मंदिर का हमारे जीवन में एक स्थान है। मुझे अपना 18वाँ जन्मदिन, 21वां जन्मदिन, यानी लगभग 7-8 जन्मदिन अमृतसर में मनाने का सौभाग्य मिला है। और आज, हम यहां अपने माता-पिता की सालगिरह मनाने आए हैं। पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण हमारी यात्राएं भले ही छोटी हो गई हों, लेकिन दिव्य सार वही है।' युवा स्टार ने अपनी आध्यात्मिक प्रथाओं के बारे में एक दुर्लभ अंतर्दृष्टि भी साझा की, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें दिल्ली या मुंबई में गुरुद्वारों में सेवा करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा, गुरुद्वारे में सेवा और लंगर की अवधारणा के लिए मैं गहरी प्रशंसा करती हूँ। देने का कार्य, और इसे अपने जीवन में अपना पाना मेरे लिए परिवर्तनकारी रहा है। अमृतसर और इसके आध्यात्मिक महत्व के प्रति संजना की गहरी श्रद्धा उनके जीवन को आकार देती है, जो उन्हें विनम्रता और कृतज्ञता के मूल्यों की याद दिलाती है।

आईपीएल से इन बॉलीवुड फिल्मों को लगा बड़ा झटका, बढ़ाई गई रिलीज की तारीख...

मुंबई। जब से ओटीटी पर फिल्में रिलीज होने लगी हैं तब से सिनेमाघरों में फिल्में रिलीज करना एक बड़ी चुनौती हो गया है। साल 2025 की रिलीज के कैलेंडर पर एक नजर डालने पर, आपको ये एहसास होगा कि अगले तीन महीने फिल्म उद्योग के लिए कठिन होने वाले हैं। फिल्म इंडस्ट्री के लिए मुश्किल दौर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की वजह से भी है। अप्रैल में रिलीज होने वाली कई फिल्मों की डेट आगे बढ़ा दी गई है।

इन फिल्मों की आगे बढ़ी तारीख

अक्षय कुमार और असद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' की रिलीज को भी आगे बढ़ा दिया गया है। अब इस फिल्म को तीन अगस्त को रिलीज किया जाएगा। फिल्म निर्माता करण जौहर की फिल्म 'सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जिसमें वरुण धवन और जाह्नवी कपूर नजर आने वाली हैं की रिलीज 12 सितंबर को होगी। यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। 'मेट्रो इन दिनों' बीते साल के आखिर में 29 नवंबर को रिलीज होने वाली थी। लेकिन, यह फिल्म 4 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। खबर है कि फिल्म निर्माता इसकी रिलीज का सही वक्त चाह रहे थे।

तय समय पर रिलीज होगी ये फिल्म

हालांकि, इस बीच खबर है कि महात्मा ज्योतिराव फुले पर बनी फिल्म 'फुले' की रिलीज डेट नहीं बढ़ाई जाएगी। फिल्म के डायरेक्टर अनंत महादेवन के मुताबिक '10 अप्रैल को महात्मा ज्योतिराव फुले की 197वीं जयंती है। तो हम उस तारीख पर ही अपनी फिल्म रिलीज करेंगे।'

फिल्म के बजाय आईपीएल देखेंगे दर्शक

आपको बता दें कि 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने वाला है। भारत के लोग फिल्म और आईपीएक से अपना मनोरंजन करते हैं। ऐसे में लोग डेढ़ महीने तक आईपीएल से रोमांच हासिल करेंगे। इसलिए फिल्म निर्माता ने अपनी फिल्मों की रिलीज की डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। आईपीएल 25 मई को खत्म होगा।

उषा ताई रोईं तो बेटे की तरह संभालने आए गौरव खन्ना, लोगों को आई सुशांत की याद

नई दिल्ली। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' भारतीय दर्शकों के बीच सबसे फेमस रियलिटी शो में से एक है। फैंस इस बात की सराहना करते हैं कि कैसे कंटेस्टेंट्स शो में हमेशा चमक बनाए रखते हैं। अनुपमा में अनुज कपाड़िया का किरदार निभाने वाले गौरव खन्ना कुकिंग शो के सबसे फेमस लोगों में से एक हैं। वह लगभग हमेशा सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते रहते हैं और उनके फॉलोअर्स उनके बारे में केवल पॉजिटिव बातें ही कहते हैं। उन्होंने लगातार सुधार दिखाया है और जजों से तारीफ बटोरी है। हाल ही के एक एपिसोड में, उषा नाडकर्णी के प्रति उनकी दया ने दर्शकों का दिल पिघला दिया। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के सबसे हालिया एपिसोड में, कंटेस्टेंट्स को वन-पॉट चैलेंज दिया गया था। उन्हें केवल एक कुकिंग के बर्तन से एक डिश तैयार करनी थी। एक और चुनौती सामने आई जब सबको अपनी जगह बदलने को कहा गया। उषा नाडकर्णी और गौरव खन्ना को सीट बदलते देखा गया।

बुखार में गाया माधुरी की फिल्म का हिट सॉन्ग

अलका के गानों का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया कोई सिंगर

नई दिल्ली। *अलका याग्निक ने अपने संगीत कॅरियर की शुरुआत 80 के दशक में की। हिंदी फिल्मों में एक से बढ़कर एक गाने अलका ने गाए। इस उम्दा गायिका के गानों ने कई रिकॉर्ड भी बनाए हैं, जिन्हें कोई दूसरा सिंगर नहीं तोड़ पाया। गुरुवार को गायिका अलका याग्निक ने मनाया। इस मौके पर जानिए, उनके संगीत कॅरियर और निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। कोलकाता में जन्मी अलका याग्निक को संगीत की शिक्षा मां शुभा से मिली, वह शास्त्रीय संगीत में पारंगत थीं। अलका जब छह साल की हुईं तो आकाशवाणी के लिए गीत गाने लगीं। मां शुभा उन्हें 10 साल की उम्र में मुंबई लेकर आईं। यहीं से शुरू हुआ अलका का फिल्मों में गाने का सफर।*

कम उम्र से गाने लगीं

अलका को दस की उम्र में पहला म्यूजिक ब्रेक अभिनेता राजकपूर के कारण मिला। राजकपूर को कोलकाता के एक फिल्म डिस्ट्रिब्यूटर ने खत भेजा था, जिसमें अलका याग्निक की गायिका के बारे में बताया। राजकपूर ने अलका को सुना, दस साल की छोटी लड़की में इतना हुनर देखकर वह खुश हुए। उन्होंने अलका को संगीत निर्देशक लक्ष्मीकांत, प्यारेलाल के पास भेजा। लक्ष्मीकांत और प्यारेलाल जी ने अलका को गाने का मौका दिया। अलका को पहला गाना फिल्म 'पायल की झंकार (1980)' में गाने का मौका मिला। इसके बाद फिल्म 'लावारिस (1981)' में गीत गाने का मौका मिला। फिर अलका ने 'हमारी बहू अलका (1982)' में एक गीत गाया। इन गीतों ने अलका को हिंदी फिल्मों में स्थापित होने का मौका दिया।

याग्निक को सुनाई देना हुआ बंद

पिछले साल अलका याग्निक ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी कि उन्हें एक न्यूरो डिजीज हुई है, जिसके कारण वह सुन नहीं पा रही हैं। गायिका ने उम्मीद भी जताई की वह जल्द वापसी करेंगी, लेकिन इस मुश्किल वक्त में उन्हें अपने फैंस का साथ चाहिए।

गायिका अल्का के नाम हैं कई रिकॉर्ड-अवॉर्ड

अलका याग्निक ने 22 हजार गाने 25 विभिन्न भाषाओं में गाए हैं। बीबीसी के सदाबहार बॉलीवुड गीतों की टॉप चालीस लिस्ट में गायिका के 20 गाने शामिल हुए। दो नेशनल फिल्म अवॉर्ड अलका याग्निक के नाम रहे हैं। फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' के गीत 'घूंघट की आड़ से' और फिल्म 'कुछ कुछ होता है' का टाइटल ट्रैक के लिए यह अवॉर्ड मिले हैं। अलका याग्निक के नाम 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी हैं। उन्हें ये अवॉर्ड 'तेजाब' फिल्म के गीत 'एक दो तीन', फिल्म 'खलनायक' के गाने 'चोली के पीछे क्या है', फिल्म 'परदेस' के गाने 'मेरी महबूबा', फिल्म 'ताल' के गीत 'ताल से ताल मिलाओ' फिल्म 'धड़कन' के गाने 'दिल ने ये कहा है दिल से' फिल्म 'लगान' के गाने 'ओ रे छोरी' और फिल्म 'हम तुम' का टाइटल ट्रैक के लिए मिले हैं। अलका याग्निक को साल 2013 में भारतीय संगीत में योगदान देने के लिए लता मंगेशकर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया।

तेजाब फिल्म के गाने ने किया मशहूर

अलका याग्निक को बतौर सिंगर पहचाना जाने लगा था लेकिन उनके कॅरियर का सबसे हिट गाना माधुरी दीक्षित की फिल्म 'तेजाब' का 'एक दो तीन...' रहा। इस गाने ने अलका को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी दिलवाया। इस गाने के बारे में एक इंटरव्यू में अलका ने कहा था कि जिस दिन ये गाना रिकॉर्ड हो रहा था उस दिन उन्हें तेज बुखार था। लेकिन, अलका ने दिल से ये गाना गाया और दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :

Bhilai- 6267575723

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- फैक्टरी, होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन 12000/- से 15000/- **संपर्कः-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल :- 7746000016, 8720005500.** (RO-3160)

टीचर

आवश्यकता है- महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ तीन दर्शन मंदिर केम्प 1 भिलाई को सभी विभाग में विषय शिक्षकों की आवश्यकता है। विद्यालय में बायोडाटा सहित 8 से 4 बजे **संपर्क करें।** (आरो नं.-700)

Required- Sandilya public school selud CBSE english medium Required the Qualify lady Teachers for primary classes.fluent in English contect **9893117339** (आरो नं.-7168)

टेक्नीशियन/टेलीकॉलर

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता 12वीं, टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव- 4, सर्विस टेक्निशियन- 2, ऑफिस बॉय- 1 **संपर्कः- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-3365)

फार्म वर्क

आवश्यकता है- फार्म में काम करने वालों की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध है (आरंग नया रायपुर स्थित) महिला, पुरुष अथवा विकलांग **संपर्क करे - मो. 9826415569** (RO-7056)

ड्रायवर

ड्राईवरों की आवश्यकता है - ट्रक 14 चक्का लिलेन्ड लाईन में चलाने के लिए ड्राईवर चाहिए **संपर्क करें- 9109191899, 9425213622** (RO-7060)

आवश्यकता है- अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। (पार्ट टाइम/ फुल टाइम) **भाठागांव वालफोर्ट सिटी के पास संपर्क करें- 8319744465, 9826750807** (RO-7061)

आवश्यकता है- निजी एम्बुलेंस सर्विस के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है बुकिंग वाली गाड़ियां है तनख्वाह योग्यतानुसार संपर्क :- एम्स, टाटीबंध, **रायपुर,गेट 2 के पास 8435148489, 7000042022.** (RO-540)

पैकिंग कार्य/ ड्रायवर

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। **संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490** (Ro. 7062)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-3370)

आवश्यकता है- ज्वेलरी शाप में सेल्सगर्ल / सेल्स बॉय की आवश्यकता है, स्मार्ट को प्राथमिकता! **संपर्क करे अपने परिचय पत्र के साथ नगीना जेम्स, सदर बाजार रायपुर छ.ग.** (RO-7368)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- अमलीडीह रायपुर में घर की साफ सफाई एवं अन्य घरेलू कार्य हेतु अनुभवी पति पत्नी की आवश्यकता है,रहने की सुविधा । **संपर्क 8839870056, 6262800019.** (RO-540)

आवश्यकता है- बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान: तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे:- 9575042814.** (RO-3378)

आवश्यकता है- जनता कॉलोनी, देवेंद्र नगर रायपुर में फुल टाइम घरेलू कार्य करने के लिए एक लड़की/ महिला की आवश्यकता है। रहने खाने की घर में ही व्यवस्था। **सम्पर्क करें- 7327097200.** (RO-bsp)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- इंदौर मध्यप्रदेश मे रहकर ऑफिस कार्य करने हेतु अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलेरी 10000 रहना खाना ट्रैवलिंग फ्री नियुक्ति फ्री **संपर्क करे 9575712101, 7389318055.** (RO-305)

सेल्स ऑफिसर

आवश्यकता है- सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ब्लॉक में एक एक सर्वेयर सेल्स आफिसर की आवश्यकता है इंकम प्रतिमाह 21000 समस्त भत्तों सहित **सम्पर्क** R.K. **सेल्स रायपुर एण्ड बिलासपुर 8109100493** (RO-37111)

पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे। **डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 9424-225533.** (RO-246)

प्रिंटिंग कार्य

आवश्यकता है- स्क्रीन प्रिंटिंग कार्य हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है. चंगोराभाटा मे रहने वाले और जिनको two wheeler चलाना आता हो उन्हें प्राथमिकता! कार्य समय सुबह 10.30 से 7 **संपर्क : 9826160247, 9039691315.** (RO-398)

वेल्डर/ड्रायवर

आवश्यकता है- राघव एडवटाईजिंग में वेल्डर और ड्राइवर की आवश्यकता है। (वेतन योग्यतानुसार) **संपर्कः राघव हाउस, 08 प्रियदर्शनी कॉलोनी मातृ-पितृ छाया आपर्टमेंट, रायपुर 9993655555, 7898980581.** (RO-3829)

मैकेनिक

मैकेनिक चाहिए- दो पहिया वर्कशॉप हेतु अनुभवी, निपुण मैकेनिक की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करेः- शुक्ला जी माँ दुर्गा ऑटोस फाफाडीह रायपुर 9993485550, 9300697230.** (RO-3374)

अन्य कर्मी

आवश्यकता है- (1) टाटा एस एवं ऑटो ड्राइवर हेल्पर जो लोडिंग अनलोडिंग कर सके एवं हमला (2) दुकान हेल्पर लड़के - लड़कियां (3) मार्केटिंग सेल्स पर्सन (4) कंप्यूटर ऑपरेटर लड़कियों की **महाराष्ट्र मसाला उद्योग तत्यापारा 94252-12631**(RO-153)

पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- रायपुर देवेन्द्र नगर में पैकिंग कार्य करने के लिए महिला की आवश्यकता है तनख्वाह 7500/- प्रति माह **सम्पर्क करें- 9579931943** (RO-37157)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे सैलरी 10,000 + कमीशन +बोनस **संपर्क करें:- 7024334511 मंगला चौक बिलासपुर.** (RO-3366)

इंजीनियर/डिजाइनर

आवश्यकता है- टाटा बिगबास्केट में ऑनरोल एसोसिएट पद पे कार्य करने के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है , न्यूनतम १०वी पास, आयुवर्ग - 18 से 35 ,वेतन 14000 /- मासिक। सुविधाएँ - PF, ESIC, अटेंडेंस बोनस, रिवॉर्ड इंसेंटिव। शिफ्ट- 9 घंटा । इच्छुक व्यक्ति **संपर्क करे - 7869295123 / 7067933763** (RO-7369)

सेल्स कार्य

आवश्यकता है- Paytm कम्पनी में साउंड बॉक्स सेलिंग कार्य करने हेतु युवकों की आवश्यकता है। कार्य स्थान रायपुर वेतन 13000 से 27000+ PF+ इंसेंटिव, योग्यता- 10वीं पास उम्र- 18 से 36वर्ष, बाइक, स्कूटी अनिवार्य। **सम्पर्क करे- 7067875703.** (RO-37147)

अन्य

आवश्यकता है- नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500-52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे **7460994309.** (RO-733)

Services सर्विसेस

सर्विस - आंचल अमृततुल्य स्वंय का दुकान डाले, बिजनेस करे बिना रिस्क के, कम पूंजी लगाकर या सैलरी में एग्रीमेंट के साथ संपर्क करें ,8234095610 समवेत शिखर कॉम्पलेक्स, दूसरा मंजिल, रायपुर (छ.ग.) (RO-3316)

Property प्रापर्टी

जमीन

जमीन बेचना है- भाठागांव बस स्टैण्ट से 10km में डायवर्टेड प्लाट 4475 स्क्वायर फीट चारों ओर से बाऊण्ड्री वाल किया हुआ है। जिसमें 2BHK मकान भी बना है। तत्काल बेचना है। **मों.- 9977710373, 9340018862.** (RO-7058)

जमीन बेचना है- 1 एकड 25 डिसमील जमीन बेचना है । ग्राम ढोडरा जिला रायपुर कीमत 85 लाख नहर से लगा, डबल फसल होता है। **मो.93407-40179, 62618-92142** (आरो नं.-701)

प्लाट

प्लॉट बेचना है - कमर्शियल प्लाट बेचना है दुर्ग धमधा मेन रोड पर जेवरा सिरसा के पास 8000 वर्गफीट डबल रोड प्लॉट बेचना है। ट्रांसपोर्ट नगर दुर्ग में कमर्शियल प्लाट एवं खेत बेचना है। mo.- **9329021207.** (आरो नं.-699)

For Rent किराया

कमर्शियल

किराये से देना है- वीआईपी रोड में ड्रीमसिटी के अंदर, राजवाड़ा के पास, डबल स्टोरी फर्निश्ड मकान (5000 वर्गफीट में निर्मित) गार्डन के साथ ऑफिस/ रेस्टहाउस/ फैमिली हेतु किराए से देना है (4 बेडरूम, 3 हॉल, किचन, 3 वॉशरूम) **सम्पर्क- 8120593540.** (RO-4912)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Finance फायनेंस

फाइनेंस - किसान लोन - खेती जमीन पे पाए प्रति एकड़ 2 लाख से 10 लाख रूपए या जमीन पे गोदाम या दुकान बनाने के लिए लोन. **8819999374.** (RO-47248)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग

यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोडता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है । ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है । क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है । यह रोग ही नही कारण को दूर करता है ।
रस-रसायन अर्थात आयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है । जो रोगी के शरीर मे जाने पर चूक नहीं सकता परंतु वात पित्त कफ से सबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है ।
(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना ।
(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रुबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक)
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग । नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग(इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान !

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

वर्ल्ड हैप्पीनेस डे के मौके पर गुरुवार को 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025' जारी हुई है। इस रिपोर्ट में फिनलैंड लगातार आठवीं बार दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना है। 147 देशों की इस रैंकिंग में भारत को 118वां स्थान मिला है। पिछले साल इस रैंकिंग में भारत 126वें नंबर पर था। इस तरह भारत की रैंकिंग में आठ स्थानों का सुधार हुआ है।

'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025' हुई जारी

फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश, भारत की रैंकिंग में सुधार

भारत को मिला 118वां स्थान जबकि पाक की रैंकिंग है 109वीं

एजेंसी ▶▶| लंदन

चौंकाने वाली बात यह है कि इस सूची में भारत से इस बार भी पाकिस्तान ने बाजी मार ली है। पाकिस्तान को हैप्पीनेस इंडेक्स में 109वीं रैंकिंग मिली है। वेलबीइंग रिसर्च सेंटर, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से प्रकाशित वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025 के अनुसार, अन्य नॉर्डिक देश भी एक बार फिर खुशी की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। फ़िनलैंड के अलावा, डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन शीर्ष चार में बने हुए हैं और इसी क्रम में हैं। देशों की रैंकिंग उन जवाबों पर आधारित थी जो लोगों ने तब दिए जब उनसे उनके खुद के जीवन को रेट करने के लिए कहा गया। यह अध्ययन एनालिटिक्स फर्म गैलप और यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क के साथ साझेदारी में किया गया था।

जहां एक ओर नॉर्डिक देशों ने टॉप स्थानों पर कब्जा जमाया, वहीं अमेरिका और ब्रिटेन की रैंकिंग में लगातार गिरावट देखी गई। अमेरिका जो पहले टॉप 20 में शामिल था, अब इस लिस्ट में और नीचे खिसक गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका में बढ़ती सामाजिक असमानता, तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ लोगों की खुशहाली पर नकारात्मक असर डाल रही हैं। इसी तरह, ब्रिटेन भी पहले की तुलना में नीचे आ गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि विकसित देशों में खुशहाली सिर्फ जीडीपी की बढ़ोतरी से तय नहीं होती। पश्चिमी औद्योगिक देशों में खुशहाली का ग्राफ अब 2005-2010 के मुकाबले नीचे आ चुका है। 15 देशों में खुशी का स्तर गिरा है, जबकि सिर्फ 4 देशों में सुधार हुआ है। खासकर अमेरिका, स्विट्जरलैंड और कनाडा में यह गिरावट 0.5 अंकों से ज्यादा रही, जिससे ये 'टॉप 15 सबसे ज्यादा उदास" देशों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

अमेरिका ब्रिटेन की रैंकिंग में गिरावट

अफगानिस्तान सबसे दुखी देश

अफगानिस्तान एक बार फिर बना दुनिया के सबसे दुखी देश में शामिल हुआ है। अफगान महिलाओं ने कहा है कि इस देश में जिंदगी एक संघर्ष में बन गई है। पश्चिमी अफ्रीका का सिएरा लियोन दूसरे पायदान पर, जबकि लेबनान तीसरे सबसे अधमरे देश के रूप में दर्ज हुआ है। उसके बाद मलावी, जिम्बाब्वे, बोत्सवाना, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, यमन, कोमोरोस और लेसोथो देश शामिल हैं।

दुनिया के 20 सबसे खुशहाल देश

फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन, नीदरलैंड, कोस्टा रिका, नॉर्वे, इस्राइल, लक्ज़मबर्ग, मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, स्विटजरलैंड, बेल्जियम, आयरलैंड, लिथुआनिया,ऑस्ट्रियाच कनाडा, स्लोवेनिया, चेक गणराज्य।

खुशी का असली पैमाना

गैलप के सीईओ जॉन क्लिफ्टन के अनुसार खुशी सिर्फ पैसा या विकास पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह इस बात पर भी निर्भर करती है कि लोग एक-दूसरे पर कितना भरोसा करते हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि छोटे-छोटे सामाजिक कारक, जैसे कि परिवार के साथ भोजन करना, किसी भरोसेमंद व्यक्ति का साथ होना और सामाजिक सहयोग, खुशी के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि किसी समुदाय में दूसरों की ईमानदारी और भलाई में विश्वास करना, खुशहाली का एक बड़ा संकेतक है। उदाहरण के लिए, जिन देशों में लोग यह मानते हैं कि अगर उनका बटुआ खो जाए तो उन्हें वापस मिल सकता है, वे आमतौर पर अधिक खुशहाल पाए गए. नॉर्डिक देशों में खोए हुए बटुए की वापसी की दर सबसे अधिक दर्ज की गई, जिससे यह पता चलता है कि वहाँ परस्पर विश्वास और ईमानदारी का स्तर ऊंचा हैं।

खबर संक्षेप

चिरंजीवी को ब्रिटेन में मिला 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'

नयी दिल्ली। तेलुगु अभिनेता चिरंजीवी को ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स में लंदन स्थित थिंकटैंक 'ब्रिज इंडिया' द्वारा सांस्कृतिक प्रभाव और सार्वजनिक सेवा में उनके योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। 'रुद्रवीणा', 'इंद्र', 'कैदी' और 'स्वयंक्रुशी' जैसी फिल्मों में अभिनय के लिए जाने जाने वाले चिरंजीवी को बृहस्पतिवार रात यह सम्मान दिया गया।

कोई भी सांप्रदायिक हिंसा 'निंदनीय' : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गुरुवार को

महाराष्ट्र में फैली अशांति पर मीडिया के सवालों से बचती नजर आयीं, लेकिन कहा कि सांप्रदायिक हिंसा 'निंदनीय' है। इस मुद्दे पर जब मीडियाकर्मियों ने सुश्री बनर्जी से सवाल किया, तो उन्होंने कहा, '(शिवसेना यूबीटी प्रमुख) उद्धव ठाकरे से पूछिए।' राज्य सचिवालय नबन्ना में संवाददाता सम्मेलन के दौरान हाल ही में नागपुर में हुई हिंसा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'कोई भी हिंसा निंदनीय है, खासकर सांप्रदायिक हिंसा।'

पूर्व भाजपा विधायक ने खुद को मारी गोली, मौत

श्रीनगर। बीजेपी नेता और जम्मू-कश्मीर के गुरेज से पूर्व निर्दलीय विधायक फकीर मोहम्मद खान ने

गुरुवार को कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पार्टी के अधिकारियों ने बताया कि 62 वर्षीय खान ने श्रीनगर के तुलसीबाग सरकारी क्वॉर्टर में खुद को गोली मारी, जिससे उनकी मौत हो गई। बीजेपी प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। खान ने वर्ष 1996 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी।

अमृतपाल के साथियों को पंजाब पुलिस ने किया गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब के खडूर साहिब से निर्दलीय सांसद और अकाली दल वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के मामले से जुड़ी

एक खबर सामने आई है। अमृतपाल सिंह के 7 सहयोगियों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद असम के डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार से रिहा कर दिया गया। हालांकि, पंजाब पुलिस ने उन्हें एक अन्य मामले में फिर से गिरफ्तार कर लिया। पंजाब पुलिस की 25 सदस्यीय टीम पिछले कई दिनों से डिब्रूगढ़ में मौजूद थी।

लगे संगीन इल्जाम, वीसा भी रद्द, इंडिया डिपोर्ट करने की कार्रवाई शुरू

हमास से कनेक्शन का आरोप, अमेरिका में भारतीय मुस्लिम छात्र हुआ गिरफ्तार

अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में पोस्ट-डॉक्टरेट फेलो भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फेडरल एजेंट्स ने उन्हें गिरफ्तार किया और अब बदर को इंडिया डिपोर्ट करने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

बदर पर फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास का समर्थन करने और उसके समर्थन में प्रोपेगेंडा चलाने का आरोप लगा है। बदर खान के वकील हसन अहमद ने जानकारी दी कि बदर को वर्जिनिया में उनके घर से डिटेन किया गया। नकाबपोश एजेंट उन्हें गिरफ्तार करने आए थे, जिन्होंने खुद को होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के अधिकारी बताया। उन्होंने बताया कि बदर खान को गिरफ्तार कर रहे हैं और उनका वीजा रद्द कर दिया गया है। जल्दी ही इन्हें वापस इंडिया डिपोर्ट कर दिया जाएगा।

बदर पर लगा हमास के समर्थन का आरोप : रिपोर्ट के अनुसार, बदर खान सूरी के वकील हसन अहमद ने बताया कि उनकी रिहाई के लिए याचिका दायर की गई है। उनकी गिरफ्तारी का असली कारण उनकी पत्नी का फिलिस्तीनी होना बताया गया है, जो अब अमेरिका की नागरिक है। ट्रंप सरकार को शक है कि बदर सूरी और उनकी पत्नी इजरायल के प्रति अमेरिका के रुख का विरोध करते हैं।

जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में पोस्ट-डॉक्टरेट फेलो है आरोपी छात्र बदर खान सूरी

एक माह पहले एक और भारतीय छात्रा पर हुई थी ऐसी ही कार्रवाई

यहूदी-विरोधी विचारधाराओं के प्रचार का आरोप

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की सहायक सचिव ट्रिशिया मैक्लॉघलिन ने बताया कि बदर खान सूरी जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट थे, लेकिन वे हमास के समर्थन में थे। वे सोशल मीडिया पर यहूदी-विरोधी विचारधाराओं का प्रचार कर रहे थे। अमेरिका के विदेश मंत्री द्वारा 15 मार्च 2025 को एक आदेश जारी किया गया। इसके अनुसार, सूरी के संदिग्ध आतंकवादी से गहरे संबंध है, जो आतंकी संगठन हमास का वरिष्ठ सलाहकार है।

दिल्ली कॉलेज में की है पढ़ाई

बदर खान वाशिंगटन डीसी के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के स्टूडेंट हैं। एडमंड ए वॉल्श स्कूल ऑफ फॉरेन सर्विस में पोस्ट डॉक्टरल फेलो हैं। स्कूल के अलवलीद बिन तलाल सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग में फेलो हैं। बदर ने दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया के स्टूडेंट हैं। उन्होंने नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कॉन्फ्लिक्ट रिजोल्यूशन से पीस एंड कॉन्फलिक्ट स्टडीज में साल 2020 में पीएचडी की थी।

रंजनी को भी छोड़ना पड़ा था अमेरिका

हमास का समर्थन करने पर भारतीय छात्रा का वीजा रद्द अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का

भी इसी महीने वीजा रद्द कर दिया गया था। श्रीनिवासन पर आरोप था कि वो 'हिंसा-आतंकवाद को बढ़ावा देने' और हमास का समर्थन करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। वीजा रद्द होने के बाद रंजनी अमेरिका छोड़ चुकी हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) के मुताबिक रंजनी को F-1 स्टूडेंट वीजा के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अर्बन प्लानिंग में पीएचडी करने के लिए एडमिशन मिला था। अमेरिकी विदेश विभाग ने 5 मार्च को उनका वीजा निरस्त कर दिया था। इसके बाद रंजनी ने 11 मार्च को अमेरिका छोड़ दिया। डीएचएस की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि अगर कोई इंसान हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इस देश में रहने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

नारे लिखे टी-शर्ट पहनकर आए डीएमके सांसद, हंगामा सदन की कार्यवाही स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्षी सांसदों पर भड़के स्पीकर बिड़ला

लोकसभा में गुरुवार को परिसीमन के मुद्दे पर जोरदार हंगामा देखने को मिला और सदन की कार्यवाही शुरू होती ही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में तमिलनाडु के सांसद डिलिमिटेशन के मुद्दे पर अपना विरोध जताने के लिए टी-शर्ट पहनकर आए थे और कार्यवाही शुरू होती ही नारेबाजी करने लगे, इसे लेकर स्पीकर ओम बिड़ला नाराज हो गए और उन्होंने विपक्षी सांसदों को जमकर फटकार लगाई। स्पीकर ने हंगामा करने वाले सांसदों से कहा कि सदन मर्यादा से चलता है, गरिमा से चलता है। कुछ सदस्य लगातार नियमों को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियम संख्या 349 पढ़ लीजिए, जिसमें साफ तौर पर लिखा है कि सदन में किस तरह का बर्ताव करना चाहिए। अगर आप टी-शर्ट पहनकर यहां आएंगे, नारे लिखकर लाएंगे, सदन में नारे लगाएंगे तो सदन नहीं चलेगा।

मर्यादा बनाना मेरी जिम्मेदारी

बिड़ला ने कहा कि अगर आप टी-शर्ट खोलकर आएंगे तो सदन चलेगा, वरना सदन नहीं चलेगा। आप बाहर जाइये. इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी. उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ा नेता हो या कोई भी लीडर अगर वह सदन की मर्यादा का उल्लंघन करेगा तो स्पीकर के नाते इसे बनाए रखना मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं और ऐसा कहते हुए उन्होंने कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत से ही परिसीमन, तीन भाषा नीति और वोटर लिस्ट के मुद्दे पर जोरदार हंगामा हो रहा है। खासतौर पर तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके के सांसद इस मुद्दे पर सदन के भीतर और बाहर मुखरता से विरोध रहे हैं।

प्रकाश राज, दग्गुबाती, देवरकोंडा समेत 25 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

सट्टाबाजी ऐप्स को प्रमोट करने से जुड़ा है मामला

एजेंसी ▶▶| साइबराबाद

राणा दग्गुबाती, विजय देवरकोंडा और प्रकाश राज समेत 25 स्टार्स मुश्किलों में फंसते हुए नजर आ रहे हैं। तेलंगाना के साइबराबाद की मियापुर पुलिस ने 32 साल के बिजनेसमैन फणींद्र सरमा की शिकायत के बाद सभी के ऊपर केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, इन हस्तियों पर सट्टा ऐप को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। जिन 25 हस्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, उनमें 6 साउथ के बड़े स्टार्स भी शामिल हैं। जिनके खिलाफ एफआईआर हुई उन 25 लोगों में अभिनेता राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, मांचू लक्ष्मी, प्रणीता और निधि अग्रवाल का भी नाम शामिल हैं।

राज ने दिया जंगली रम्मी को बढ़ावा

राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज पर पॉप-अप विज्ञापनों के जरिए जंगली रम्मी को बढ़ावा देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि विजय देवरकोंडा पर पॉप-अप विज्ञापनों के जरिए ए23 रम्मी, मांचू लक्ष्मी योलो247, प्रणीता फेयरप्ले लाइव और निधि अग्रवाल जीत विन को बढ़ावा देने का आरोप है। पुलिस कमिश्नर अविनाश मोहंती ने कहा, "यह जांच की शुरुआत है। हम देखेंगे कि ये कौन से ऐप हैं, इसमें कौन लोग शामिल हैं, इन ऐप्स का स्रोत क्या है और अन्य पहलू क्या हैं। मामले की योग्यता और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर हम आगे बढ़ेंगे।'

मिस वर्ल्ड पेजेंट प्री-इवेंट...



हैदराबाद। मिस वर्ल्ड 2024 क्रिस्टीना पिस्ज़कोवा हैदराबाद में गुरुवार रात को 72वें मिस वर्ल्ड पेजेंट के प्री-इवेंट में शामिल हुईं। इसके पहले वे शहर के दर्शनीय स्थलों पर भी घूमीं। बता दें, इस साल मिस वर्ल्ड पेजेंट का आयोजन तेलंगाना सरकार द्वारा किया जाएगा। यह इवेंट 4 मई से शुरू होकर 31 मई, 2025 तक चलेगा जिसमें 120 महिलाएं हिस्सा लेने वाली हैं।

भारत में लॉन्च हुई वेट लॉस ड्रग, झूलती चर्बी करेगी कम

नई दिल्ली। अमेरिकी दवा कंपनी इली लिली ने भारत में अपनी डायबिटीज और वजन घटाने वाली दवा मौनजारो लॉन्च की है। यह दवा भारत के दवा नियामक से मंजूरी मिलने के बाद आई है। कंपनी ने यह जानकारी दी। मौनजारो के 5 एमजी वायल की कीमत 4,375 और 2.5 एमजी वायल की कीमत 3,500 रुपये होगी। भारत में यह खास कीमत इसलिए रखी गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस आधुनिक इलाज तक पहुंच बना सकें। लिली की डायबिटीज और वजन घटाने वाली दवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है। भारत में इस दवा का लॉन्च एक बड़ा अवसर है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है और यहां मोटापे और डायबिटीज के मामले बढ़ रहे हैं।

किसानों के प्रदर्शन के चलते 13 महीने से बंद रहा यह अहम मार्ग

शंभू बॉर्डर अब पूरी तरह खाली, आम लोगों के लिए खुली सड़क

किसानों को पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से हटाया गया

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने बुधवार देर शाम शंभू और खनौरी बॉर्डर से प्रदर्शनकारी किसानों को हटा दिया, जिसके बाद सड़क को दोबारा खोलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। शंभू बॉर्डर पर सड़क मार्ग को फिर से चालू करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। एकतरफा सड़क पर लगे सीमेंट ब्लॉक और भारी कंक्रीट को पूरी तरह से हटा दिया गया है, जिससे मार्ग लगभग साफ हो चुका है। प्रशासन ने पंजाब से हरियाणा की तरफ आने वाली एक तरफ की रोड आम लोगों के लिए खोल दी है। इसके साथ ही सभी इलाकों में इंटरनेट भी फिर से चालू कर दिया गया है। करीब 13 महीने से यह रास्ते बंद थे।

- किसानों ने भी किया पुलिस का पूरा सहयोग

हरियाणा से पंजाब की ओर जाने वाली सड़क पर अभी भी ड्रिलिंग का काम जारी है। निर्माण कार्य में कई मजदूर और मशीनें लगी हुई हैं, जो सड़क को पूरी तरह से ठीक करने में जुटी हैं।

'किसान दोबारा आंदोलन की ओर आते हैं तो हम तैयार'

डीआईजी पटियाला रेंज मंदीप सिंह सिंधु ने किसान आंदोलन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर किसान दोबारा आंदोलन की ओर आते हैं, तो पुलिस भी तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटाने की योजना 'क्लीन स्विप' के तहत बनाई गई थी, और अब हरियाणा के लोग उन्हें फोन पर बधाई दे रहे हैं।

रात में हुआ किसानों का निष्कासन

बता दें कि बुधवार रात में खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। शुरुआत में बॉर्डर पर लगभग 600 किसान मौजूद थे, जिनमें से 400 से अधिक किसानों को डिटेन किया गया। किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को एक सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। किसानों को अपने वाहन वापस लेने के लिए दस्तावेज और एक गवाह के साथ आना होगा। डीआईजी सिंधु ने बताया कि किसानों को पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से हटाया गया और इस दौरान किसानों ने भी पुलिस का पूरा सहयोग किया।

सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इंकार

दिल्ली के 3 मंदिरों पर चलेगा बुलडोजर!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में तीन मंदिरों पर बुलडोजर एक्शन के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने

गुरुवार को इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा है कि उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट का रुख करना चाहिए। ये तीनों मंदिर मयूर विहार फेज 2 में स्थित हैं। इन मंदिरों के नाम- पूर्वी दिल्ली काली बाड़ी समिति, श्री अमरनाथ मंदिर संस्था, श्री बद्री नाथ मंदिर हैं। मंदिरों की समितियों ने दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा मंदिर गिराए जाने का नोटिस दिए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। डीडीए ने यह नोटिस उन्हें 19 मार्च को दिया था। जस्टिस विक्रम नाथ, संजय करोल और संजय मेहता की बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया और याचिकाकर्ताओं से कहा कि उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट जाना चाहिए।

यह है याचिका में

एडवोकेट विष्णु शंकर जैन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि डीडीए के अफसरों की ओर से बुधवार रात 9 बजे सार्वजनिक नोटिस चिपकाया गया। नोटिस में कहा गया था कि 20 मार्च, 2025 को सुबह 4 बजे मंदिरों को गिरा दिया जाएगा। याचिका में कहा गया है कि डीडीए या किसी धार्मिक समिति से जुड़े किसी भी अधिकारी ने मंदिरों की कोई बात नहीं सुनी।

खबर संक्षेप

टीसीएस करेगी 20 करोड़ डॉलर का बड़ा निवेश

मुंबई। टाटा कम्युनिकेशंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी ए एस लक्ष्मीनारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में 20 करोड़ डॉलर से अधिक का निवेश किए जाने की संभावना है। टाटा समूह की यह कंपनी पिछले कुछ वर्षों से प्रति वर्ष लगभग 20-30 करोड़ डॉलर का निवेश करती आ रही है।

ईपीएफओ ने जनवरी में 17.89 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जनवरी में शुद्ध रूप से 17.89 लाख सदस्य जोड़े। बृहस्पतिवार को जारी पेरोल आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, यह सालाना आधार पर 11.67 प्रतिशत जबकि दिसंबर, 2024 की तुलना में 11.48 प्रतिशत की वृद्धि है।

बीएमडब्ल्यू तीन फीसदी तक महंगे करेगी वाहन

नई दिल्ली। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अगले महीने से बीएमडब्ल्यू और मिनी कार श्रृंखला की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कार विनिर्माता इस साल दूसरी बार कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रही है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने बयान में कहा, नई कीमतें एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी।

गूगल ने साइबर सुरक्षा क्षेत्र में किया 32 अरब डॉलर का सबसे बड़ा अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गूगल ने साइबर सिक्योरिटी कंपनी विझ को 32 अरब डॉलर (करीब 2.6 लाख करोड़ रुपए) में खरीदने का सौदा किया है। यह सौदा गूगल के इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण है, जो 2012 में मोटोरोला मोबिलिटी के 12.5 बिलियन डॉलर के अधिग्रहण से भी बड़ा है।

- यह सौदा गूगल के इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण है

यह सौदा साइबर सुरक्षा क्षेत्र का भी सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा। यह सौदा उस समय हुआ है, जब गूगल के इंटरनेट साम्राज्य को बांटने की चर्चाएं चल रही हैं। इस डील की घोषणा 18 मार्च, 2025 को की गई।

साइबर सिक्योरिटी कंपनी विझ को करीब 2.6 लाख करोड़ में खरीदा

डील पर पिचाई ने क्या कहा

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि विझ के शामिल होने से गूगल क्लाउड की सुरक्षा और बेहतर होगी और लागत भी कम होगी। यह बयान नियामकों और ग्राहकों दोनों को ध्यान में रखकर दिया गया है। गूगल विझ को खरीदने के लिए काफी समय से प्रयास कर रहा था। पिछले साल जुलाई में 23 बिलियन डॉलर के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद विझ ने आईपीओ (शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने) की योजना बनाई थी, लेकिन शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण आईपीओ बाजार ठंडा पड़ गया।

एआई के लिए डाटा सेंटर की मांग बढ़ी

यह कदम गूगल के क्लाउड कंप्यूटिंग क्षेत्र में विस्तार का हिस्सा है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव के कारण तेजी से बढ़ रहा है। एआई के लिए डेटा सेंटर की मांग बढ़ रही है, और गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के बीच इस सेक्टर में कंपटिशन तेज हो गई है।

विझ गूगल क्लाउड का हिस्सा बन जाएगा

अगर यह डील नियामकों द्वारा मंजूर हो जाता है, तो विझ गूगल क्लाउड का हिस्सा बन जाएगा। गूगल क्लाउड, गूगल के मेन बिजनेस (सर्च और विज्ञापन) से अलग है। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के 350 अरब डॉलर वार्षिक राजस्व का मुख्य स्रोत है। हालांकि, एआई के आने के साथ, क्लाउड डिवीजन गूगल के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। 2022 में इस डिवीजन का रेवेन्यू 26.3 अरब डॉलर था, यह 2024 में 64 प्रतिशत बढ़कर 43.2 अरब डॉलर हो गया।

5 साल पुरानी स्टार्टअप कंपनी

विझ एक 5 साल पुरानी स्टार्टअप कंपनी है, जिसकी स्थापना इजरायली सेना में मिले चार दोस्तों ने की थी। यह कंपनी 2020 में इजरायल में शुरू हुई और अब न्यूयॉर्क से डेटा सेंटर में संग्रहीत जानकारी की सुरक्षा के लिए टूल बनाती है। विझ का इस साल 1 अरब डॉलर कमाने का लक्ष्य है। विझ के सीईओ असाफ रप्पापोर्ट ने कहा कि विझ और गूगल क्लाउड दोनों का मानना है कि क्लाउड सुरक्षा को आसान, सुलभ और इंटेलीजेंट बनाने की जरूरत है, ताकि अधिक संगठन क्लाउड और एआई का सुरक्षित उपयोग कर सकें।

ट्रंप ने भारत और अमेरिकी संबंधों पर की चर्चा

मेरा मानना, भारत संभवतः शुल्कों में काफी हद तक कटौती करेगा : ट्रंप

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क को कम करेगा।हालांकि ट्रंप ने इसके साथ ही दो अप्रैल से भारत पर भी अमेरिकी शुल्क लगाने की अपनी धमकी को दोहराया।

अमेरिकी समाचार वेबसाइट 'ब्रेइटबार्ट न्यूज' के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पिछले महीने हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनके " बेहद अच्छे संबंध" हैं।

भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश

वेबसाइट ने ट्रंप के हवाले से कहा, " लेकिन भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। उन्होंने कहा, " मेरा मानना है कि वे... संभवतः उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहे हैं, लेकिन दो अप्रैल से हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं।"

भारी शुल्क से अमेरिका में उत्पाद बेचना मुश्किल

ट्रंप ने अपना यह दावा भी दोहराया था कि अमेरिका पर भारत भारी शुल्क लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने 10 मार्च को नई दिल्ली में एक संसदीय समिति को बताया कि बातचीत अब भी जारी है और भारत तथा अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है।

नुकसान पहुंचाने वालों देशों के खिलाफ साथ आ रहे

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने विशेष रूप से चीन का उल्लेख नहीं किया, लेकिन कहा कि यह " अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार पर हमें नुकसान पहुंचाने वाले अन्य देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।"

- अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क कम करेगा
- दो अप्रैल से भारत पर भी शुल्क लगाने की धमकी दोहराई
- ट्रंप ने कहा भारत के साथ उनके काफी अच्छे संबंध

व्यापार में भारत एक शक्तिशाली समूह : *ट्रंप ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान आईएमईसी पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, " व्यापार में हमारे पास साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है।"गौरतलब है कि ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि भारत अपने शुल्क में "काफी कटौती" करने पर सहमत हो गया है।*

बीएसई सेंसेक्स 899 अंक की छलांग से 76,000 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले संकेतों के बीच दिग्गज कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 899 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी ने 283 अंक की छलांग लगाई।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती का अनुमान बरकरार रखने और दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी से निवेशकों की धारणा को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 899.01 अंक यानी 1.19 प्रतिशत उछलकर 76,000 अंक के स्तर के ऊपर 76,348.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,007.2 अंक बढ़कर 76,456.25 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 283.05 अंक बढ़कर एक बार फिर 23,000 अंक के स्तर के ऊपर 23,190.65 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, 'सभी क्षेत्रों में खरीदारी आने से बाजार लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए।

- फेड ने ब्याज दरों में कटौती का अनुमान बरकरार रखा
- दिग्गज कंपनियों के शेयरों में खरीदारी रही

एशियाई बाजार में रही घट-बढ़
एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहे। जापान का निक्की अवकाश के कारण बंद रहा।

सबसे अधिक एयरटेल में रही तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में से भारती एयरटेल का शेयर सर्वाधिक 4.17 प्रतिशत चढ़ा। इसके साथ टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और टाटा मोटर्स के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

भारत में 2028 अंत तक 5जी उपयोगकर्ता 77 करोड़ होंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार उपकरण कंपनी नोकिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में औसत 5जी डेटा खपत प्रति उपयोगकर्ता प्रति माह 40 जीबी तक पहुंच गयी है। अगले तीन साल में 5जी के कुल ग्राहक आधार के 2.65 गुना बढ़कर करीब 77 करोड़ पर पहुंचने की उम्मीद है।

नोकिया की वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक (एमबीआईटी) रिपोर्ट के अनुसार, 4जी, 5जी आदि डेटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में पूरे भारत में 5जी डेटा उपयोग में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। नोकिया इंडिया के प्रौद्योगिकी एवं समाधान प्रमुख (मोबाइल नेटवर्क) संदीप सक्सेना ने रिपोर्ट पेश करते हुए कहा, दिसंबर, 2024 में भारत में प्रति उपयोगकर्ता औसत 5जी डेटा खपत 40 जीबी दर्ज की गई। हमारा अनुमान है कि 5जी उपयोगकर्ता आधार 2024 में 29 करोड़ से बढ़कर 2028 तक लगभग 77 करोड़ हो जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डेटा उपयोग में वृद्धि हो रही है।

- दूरसंचार उपकरण उत्पादक कंपनी नोकिया ने जारी की रिपोर्ट
- 5जी डेटा खपत प्रति उपयोगकर्ता प्रति माह 40 जीबी पहुंच गई

12 गुना अधिक डेटा उपयोग कर रहे : *एफडब्ल्यूए उपयोगकर्ता अब औसत मोबाइल डेटा उपयोगकर्ता की तुलना में 12 गुना अधिक डेटा का उपभोग कर रहे हैं, जो आवासीय तथा व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में नई सेवाओं के दम पर हो रहा है।*

हिंडाल्को, तांबा कारोबार में करेगी 45,000 करोड़ निवेश

मुंबई। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमारमंगलम बिड़ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज भविष्य में अपने एल्युमीनियम, तांबा और विशिष्ट एल्युमिना कारोबार में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। बिड़ला ने समूह की कंपनी हिंडाल्को के लिए एक नई ब्रांड पहचान के अनावरण कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अच्छे कामों के लिए एक ताकत बनना चाहती है और उन्होंने देश के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक की इसके प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की। 'हम एल्युमीनियम, तांबा और विशिष्ट एल्युमिना कारोबार में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जता रहे हैं।

बिजनेस साइट

ओकरिज के शिक्षकों ने एसईएएमईआई के तीन दिवसीय सम्मेलन में लिया भाग

विशाखापत्तनम। ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम के शिक्षकों ने एसईएएमईआई (दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व, भारत) शिक्षण और अधिगम सम्मेलन 2025 में भाग लिया, जिसमें दुनिया भर के नॉर्ड एंग्लिया शिक्षा विद्यालयों के 200 से अधिक शिक्षक और नेता शामिल हुए। इस तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान, शिक्षकों ने नेतृत्व, लचीलापन, नवाचार और समावेशन सहित शिक्षण के भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख विषयों की खोज की। इस सम्मेलन में साई रत्न अलमूरू और डिंपल थॉम्पसन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

सोने में तीन दिन से जारी तेजी थमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में भी सोने में तेजी का सिलसिला थम गया।

स्थानीय बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 300 रुपये की गिरावट के साथ 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये की तेजी के साथ 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना, जो पिछले सत्र में 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, बृहस्पतिवार को 300 रुपये की गिरावट के साथ 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।



गेट्स ने स्टार्टअप के कीटनाशक स्प्रेयर पर हाथ आजमाया

एजेंसी ▶▶| छत्रपति संभाजीनगर

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एक स्टार्टअप के नए कीटनाशक 'स्प्रेयर' पर अपना हाथ आजमाया है। स्टार्टअप द्वारा विकसित यह कीटनाशक 'स्प्रेयर' किसानों के लिए एक अधिक सुविधाजनक और कुशल विकल्प है, जिससे उन्हें एक समय में अधिक फसलों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। इस 'स्प्रेयर' को स्थानीय इंजीनियर योगेश गावंडे ने तैयार किया है। गावंडे ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में इस उत्पाद के निर्माण के लिए 2019 में एक कंपनी का गठन किया था। बिल गेट्स ने 17 मार्च को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में गावंडे की उपस्थिति में 'स्प्रेयर' चलाने का प्रयास किया।

- स्प्रेयर को स्थानीय इंजीनियर गावंडे ने तैयार

पहिये पर चलने वाला है उपकरण

इंजीनियर ने बताया कि इस 'स्प्रेयर' की मदद से किसानों को कीटनाशकों के छिड़काव के लिए भारी रासायनिक टैंक को अपनी पीठ पर ढोने की जरूरत नहीं है। पहियों पर चलने वाले इस अभिनव उपकरण की मदद से अब वे एक ही समय में फसलों की चार पंक्तियों पर रसायनों का छिड़काव कर सकते हैं। गावंडे ने बताया कि बड़े पेड़ों पर छिड़काव के लिए इसके 'नोज़ल' की ऊंचाई 12-14 फुट तक बढ़ाई-घटाई जा सकती है।

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, स्वीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

आईपीएल : 'देसी' कप्तान पर सबको भरोसा, 10 में से 9 टीमों के कप्तान भारतीय, पंत 27 करोड़ से सबसे महंगे नेतृत्वकर्ता

हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को फिर सौंपा अपनी टीम का नेतृत्व

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज कल शनिवार 22 मार्च को होने जा रहा है। सभी 10 टीमें अपने-अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास में जुटी हैं, और इस बार खिताब को अपने नाम करने के लिए रणनीतियां तैयार कर रही हैं। इसमें सबसे प्रमुख भूमिका टीमों के कप्तान की होने वाली है। हालांकि, विगत वर्षों से तुलना करें तो यह पहली बार है जब 10 में से नौ टीमों ने अपना दांव देसी कप्तानों पर लगाया है। केवल सनराइजर्स हैदराबाद एकमात्र टीम है, जिन्होंने गत वर्ष फाइनल में पहुंचाने वाले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को अपनी टीम का नेतृत्व फिर सौंपा है। शेष सभी टीमों की कमान भारतीय खिलाड़ियों के हाथों में ही है।

आईपीएल के इतिहास के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज इस बार भी अपनी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम की कमान अब फ्रेंचाइजियों ने युवा हाथों में ही सौंप दी है। चेन्नई सुपरकिंग्स का नेतृत्व जहां ऋतुराज गायकवाड़ कर रहे हैं, वहीं मुंबई इंडियंस की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में है। हालांकि, इन दोनों ने पिछले वर्ष भी टीम की कमान संभाली थी, परंतु अपनी टीमों को उनकी विरासत के अनुसार सफलता नहीं दिला पाए थे। हार्दिक के नेतृत्व में लगातार दो फाइनल खेलने वाली गुजरात टाइटंस का भी पिछले सत्र में शुभमन गिल की अगुआई में प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा था। ऐसे में इस बार उनके नेतृत्व कौशल पर भी सभी की नजरें होंगी।

पंत सबसे महंगे कप्तान

खिलाड़ी	टीम	राशि
ऋषभ पंत	लखनऊ	27 करोड़
श्रेयस अय्यर	पंजाब	26.75 करोड़
पैट कमिंस	हैदराबाद	18 करोड़
ऋतुराज गायकवाड़	चेन्नई	18 करोड़
संजू सैमसन	राजस्थान	18 करोड़
शुभमन गिल	गुजरात	16.5 करोड़
अक्षर पटेल	दिल्ली	16.5 करोड़
हार्दिक पांड्या	मुंबई	16.35 करोड़
रजत पाटीदार	बेंगलुरु	11 करोड़
अजिंक्य रहाणे	कोलकाता	1.5 करोड़

पंजाब को अय्यर पर भरोसा

चारों ही टीम अब तक चैंपियन नहीं बनी है, हालांकि श्रेयस ने अपनी कप्तानी में गत वर्ष कोलकाता नाइटराइडर्स को चैंपियन बनाया था पर अब ये देखना अहम होगा कि उनकी रणनीतियां क्या पंजाब किंग्स को पहला खिताब दिला पाती हैं या नहीं? राजस्थान रॉयल्स ने भी युवा संजू सैमसन पर फिर भरोसा जताया है। वह अपनी गलतियों से सीख कर इस बार फिर दमदार प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करेंगे।

चार टीमें नहीं जीत पाईं खिताब

रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी इस बार युवा रजत पाटीदार को अपना कप्तान बनाया है। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने फ्रेंचाइजी के इस निर्णय की बहुत सराहना की है, लेकिन अब ये भविष्य ही बताएगा की वह पहली बार आरसीबी को खिताब दिलाने में सफल होते हैं या नहीं। इधर, दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपरजायंट्स और पंजाब किंग्स ने भी कप्तानी में फेरबदल कर युवाओं पर ही भरोसा ही जताया है। दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल, लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत और पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को टीम की कमान सौंपी है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सफल

2022 में हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाया था। कमाल की बात यह है कि अब तक तीन ही बार विदेशी कप्तानों ने खिताब जीता है और तीनों ही ऑस्ट्रेलियाई थे। 2008 में राजस्थान रॉयल्स को चैंपियन बनाने वाले शेन वॉर्न थे, जबकि 2009 में डेक्कन चार्जर्स को जिताने वाले एडम गिलक्रिस्ट और 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद को चैंपियन बनाने डेविड वॉर्नर थे।



पैट पर सनराइजर्स को विश्वास



ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर और कप्तान पैट कमिंस ने पहले ही सत्र में अपनी कप्तानी की जबरदस्त छाप छोड़ी। सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में पहुंचाने वाले पैट कमिंस पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान नहीं हैं। इससे पहले, डेविड वॉर्नर ने टीम के लिए यह कारनामा किया था, इसलिए सनराइजर्स हैदराबाद इस बार एकमात्र टीम है, जो विदेशी कप्तान पर दांव लगाने को तैयार है।

देसी कप्तानों का रहा है बोलबाला

आईपीएल के 17 सत्रों के इतिहास पर गौर करें तो शुरुआती दो सत्र 2008 एवं 2009 और 2016 को छोड़ दें तो अब तक सभी खिताब देसी कप्तानों ने ही जीते हैं। इनमें सबसे सफल महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने पांच-पांच बार अपनी टीमों चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस को चैंपियन बनाया है। कोलकाता नाइटराइडर्स अब तक तीन बार चैंपियन बनी है, परंतु तीनों ही बार उनके कप्तान देसी ही रहे हैं। भारतीय टीम के वर्तमान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दो बार बतौर कप्तान और एक बार बतौर कोच टीम को सफल बनाया है। वहीं, पिछले सत्र में श्रेयस अय्यर ने केकेआर को चैंपियन बनाया था।

पहले तीन मैचों में पराग होंगे रॉयल्स के कप्तान

नई दिल्ली। उदीयमान स्टार रियान पराग पहले तीन आईपीएल मैचों में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान होंगे क्योंकि नियमित कप्तान संजू सैमसन को ऊंगली की सर्जरी के बाद बीसीसीआई ने विकेटकीपिंग से मना किया है जिसके मायने है कि वह इन मैचों में सिर्फ बतौर बल्लेबाज ही उपलब्ध होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में टी20 मैच के दौरान सैमसंग की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया था जिसके बाद उन्हें छोटी सर्जरी करानी पड़ी। उन्हें बल्लेबाजी की अनुमति मिल गई है लेकिन बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र की मेडिकल और खेल विज्ञान टीमों ने उन्हें ऊंगली को कुछ और आराम देने की सलाह दी है।



लार पर बैन हटने से रिवर्स स्विंग में मिलेगी मदद

बेंगलुरु। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से पहले गेंद पर लार लगाने पर से प्रतिबंध हटाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फैसले का तहेदिल से स्वागत करते हुए कहा कि इससे गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग करने में मदद मिलेगी। सिराज ने कहा, 'यह गेंदबाजों के लिए बहुत अच्छी खबर है। यह हम सभी गेंदबाजों के लिए शानदार खबर है क्योंकि जब गेंद से किसी तरह की मदद नहीं मिल रही हो तब इस पर लार लगाने से रिवर्स स्विंग हासिल करने की संभावना बढ़ जाती है।'

खबर संक्षेप

शाकिब के एक्शन को मिली 'क्लीन चिट'

ढाका। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को 'क्लीन चिट' मिल गई है और अब वह मैदान पर लौट सकेंगे। शाकिब अब वनडे और दुनिया भर की लीग में खेल सकते हैं। वह टेस्ट और टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। शाकिब ने क्रिकबज से कहा, 'यह खबर सही है और मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं।' उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई। उन्होंने आखिरी बार भारत के खिलाफ अक्टूबर 2024 में कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला था ।

अनुराग का नामांकन स्वीकार करने के निर्देश

शिमला। पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने निर्वाचन मंडल से उनकी अयोग्यता पर रोक लगा दी और बीएफआई को उनकी उम्मीदवारी के लिए नामांकन की तिथि बढ़ाने का निर्देश दिया। हमीरपुर से लोकसभा सांसद ठाकुर को बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह के आदेश से सात मार्च को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया था। आदेश में कहा गया था कि सिर्फ चुने हुए सदस्य ही चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

सुरक्षा कारणों के चलते कोलकाता से मैच शिफ्ट

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने गुरुवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स का छह अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाला घरेलू मैच गुवाहाटी में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस ने शहर में इस दिन 'रामनवमी' के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के लिए सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त की है। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने घोषणा की थी कि त्योहार मनाने के लिए पश्चिम बंगाल में 20,000 से अधिक समारोह किए जा रहे हैं।

खेलो इंडिया पैरा खेल शुरू, मांडविया ने की खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प की सराहना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को यहां दूसरे खेलो इंडिया पैरा खेल का उद्घाटन किया और कई चुनौतियों के बावजूद दृढ़ संकल्प दिखाने के लिए देश के पैरा खिलाड़ियों की सराहना की। इन खेलों में देश भर के 1300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

इनमें पेरिस पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह, क्लब थ्रोअर धरमबीर और खेल रत्न विजेता ऊंची कूद के एथलीट प्रवीण कुमार जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। इन खेलों का 27 मार्च को समापन होगा। मांडविया ने यहां खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा, 'खेलो इंडिया ने धीरे-धीरे और लगातार अपना महत्व स्थापित किया। आज जब मैं यहां इन खिलाड़ियों को देख रहा हूं, तो मैं उनकी आंखों में कुछ कर गुजरने की ललक और विश्वास देखता हूं। हम वास्तव में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'

कार्यक्रम की शुरुआत पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता धावक सिमरन शर्मा, खेल रत्न पुरस्कार विजेता प्रवीण कुमार, पेरिस के स्वर्ण विजेता शटलर नितेश कुमार और दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता धावक प्रीति पाल द्वारा खेल मंत्री को खेलों की मशाल सौंपने के साथ हुई।

राजावत-मुथुस्वामी ने दर्ज की जीत, सिंधू हार से बाहर

एजेंसी ▶▶| बासेल

भारत के प्रियांशु राजावत स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ी तोबियास कुएंजी को सीधे गेम में हराकर पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। महिला वर्ग में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सातवीं वरीयता प्राप्त पी वी सिंधू का खराब फॉर्म जारी रहा और वह पहले ही दौर में डेनमार्क की जूली जाकोबसेन से 17-21, 19-21 से हार गई। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज राजावत ने 28 मिनट में 21-10, 21-11 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम भी अगले दौर में पहुंच गए जिन्होंने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को 21-15, 21-16 से शिकस्त दी।

अब वह डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से खेलेंगे। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज पहले दौर में डेनमार्क के रास्मस गेमके से 21-18, 17-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गए। महिला वर्ग में अनुपमा उपाध्याय ने पहले दौर में अनमोल खरब को 21-14, 21-13 से हराया।

कुश्ती महासंघ

राष्ट्रीय शिविर को पुणे स्थानांतरित करने की तैयारी में डब्लूएफआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ पुरुषों और महिलाओं के राष्ट्रीय शिविर को क्रमशः पुणे और गांधीनगर में स्थानांतरित करने की तैयारी में है। उसका कहना है कि अब समय आ गया है कि इस खेल को अन्य क्षेत्रों में भी ले जाया जाए तथा 'अनुशासनहीनता' की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। जनवरी 2023 से राष्ट्रीय शिविर स्थगित हैं जब देश के शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन डब्लूएफआई प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

सोनीपत के बहलगढ़ में स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र लंबे समय से पुरुष पहलवानों के लिए ट्रेनिंग केंद्र और ट्रायल स्थल रहा है जबकि लखनऊ में स्थित साई केंद्र महिलाओं के शिविर और ट्रायल के लिए स्थल के रूप में काम करता रहा है। जॉर्डन के अम्मान में 25 मार्च से शुरू होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए ट्रायल के दौरान 30 वर्गों में से प्रत्येक में शीर्ष चार में रहने वाले पहलवान शिविर का हिस्सा होंगे। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, हम एशियाई चैंपियनशिप के समापन के बाद राष्ट्रीय शिविर फिर से शुरू करेंगे। लंबे समय से गतिविधियां बंद हैं। डब्लूएफआई और सरकारी अधिकारियों के बीच संभावित स्थानों पर चर्चा हुई और हमें लगा कि शिविर को पुणे में स्थानांतरित करना खेल के लिए बेहतर होगा।

अनुशासनहीनता की घटनाएं

संजय ने कहा, सोनीपत केंद्र में अनुशासनहीनता की घटनाएं हुई हैं क्योंकि यह कई पहलवानों के घरों और व्यक्तिगत ट्रेनिंग केंद्रों के करीब है। यह हमारे संज्ञान में लाया गया था कि कुछ पहलवानों ने शिविर में नहीं रहकर नियमों का उल्लंघन किया, लेकिन सभी गतिविधियां बंद थीं तो हम कुछ नहीं कर सके। पुणे में सेना संस्थान अनुशासन बनाए रखने के लिए मशहूर है। इसी तरह ऐसी आशंकाएं थीं कि लखनऊ को महिला पहलवानों के लिए शिविर की मेजबानी नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह स्थान हमारे पूर्व प्रमुख (गोंडा) के करीब माना जाता है। हम विवादों से बचना चाहते हैं और खेल पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं इसलिए हमने इसे गांधीनगर में साई केंद्र में स्थानांतरित कर दिया है, जहां बेहतरीन सुविधाएं हैं।'

हैदराबाद खिताब जीतने का प्रबल दावेदार : क्लार्क

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2025 का खिताब जीत सकती है। उनका मानना है कि टीम के पास बल्लेबाजी में दमखम है और वह इस सीजन और मजबूती के साथ वापसी करेगी। उन्होंने प्लेऑफ में पहुंचने वाली संभावित टीमों के भी नाम बताएं हैं। क्लार्क ने 'बियोन्ड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट' पर बात करते हुए यह भी कहा कि दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स को अपने पहले खिताब के लिए इस सीजन भी इंतजार करना पड़ेगा। इसके पीछे की वजह बताते हुए क्लार्क ने कहा कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने टीम कोच से लेकर कप्तान तक में बड़े बदलाव किए हैं। इसके चलते उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

डब्लूटीसी 2025-27 : बड़ी जीत पर टीमों को बोनस अंक देने पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति अप्रैल में होने वाली बोर्ड बैठक में नई बोनस अंक व्यवस्था पर विचार करेगी जिसके तहत अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ जीत दर्ज करने पर अधिक अंक मिल सकते हैं।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का 2025-27 चक्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से शुरू होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। एक सूत्र ने बताया, 'डब्लूटीसी शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मसलों पर लगातार बात हो रही है। कई टीमों का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने पर उन्हें उतना प्रतिफल नहीं मिल रहा है।' भारत के एक पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी पहल होगी। टीमों को नतीजे के लिए खेलने की प्रेरणा मिलेगी और हमें रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे।' आईसीसी प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर जीत दर्ज करने पर भी अतिरिक्त अंक देने की सोच रही है ।

मौजूदा अंक प्रणाली

परिणाम	अंक
जीत पर	12
टाई मैच	06
ड्रॉ मैच	04

मुक्केबाजी लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल

एजेंसी ▶▶| कोस्टा नवारिनो

मुक्केबाजी को गुरुवार को 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में शामिल कर लिया गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 144वें सत्र के दौरान सभी सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया।

जब आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने लॉस एंजिलिस खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने के पक्ष में सभी से हाथ उठाने को कहा तो सभी सदस्यों ने विधिवत सहमति व्यक्त की। कोई भी सदस्य मतदान से अनुपस्थित नहीं रहा और किसी ने भी इसके विरोध में मतदान नहीं किया। बाक ने कहा, 'ओलंपिक कार्यक्रम में मुक्केबाजी को वापस शामिल करने की मंजूरी के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हम एक शानदार मुक्केबाजी टूर्नामेंट की उम्मीद कर सकते हैं। ऐसा अक्सर नहीं होता है जबकि किसी खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल करने पर सर्वसम्मति बने।' आईओसी के फरवरी 2022 में हुए सत्र में मुक्केबाजी को ओलंपिक 2028 की शुरुआती कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था क्योंकि तत्कालीन खेल निकाय अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर रहा था।

खबर संक्षेप

तस्करी-हवाला गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद पांच लोगों को

गिरफ्तार कर मादक पदार्थ तस्करी और हवाला गिरोह का भंडाफोड़ किया। उनके पास से अवैध हथियार, मादक पदार्थ और नकदी जब्त की गई। अभियान के दौरान आरोपियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाईं, जिसपर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। दो आरोपियों के पैर में चोटें आईं हैं।

बिजली गिरने से परिवार के तीन की मौत

गाजीपुर। गाजीपुर जिले के दिलदार नगर इलाके में बृहस्पतिवार

सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक परिवार के तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। मरने वालों में एक वर्षीय एक बच्चा भी शामिल है। कर्मा गांव निवासी रविशंकर कुशवाहा, उनकी पत्नी सरोज देवी और उनके एक वर्षीय बेटे अंकुश कुशवाहा की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़ाया पाक घुसपैठिया

कठुआ/जम्मू। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान के एक घुसपैठिये को पकड़ा है। सुरक्षाकर्मियों को बुधवार रात हीरानगर सेक्टर में सीमा पार करने का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियों का पता चला। संदिग्ध को हिरासत में लिए जाने से पहले सुरक्षा बलों ने चेतावनी के तौर पर कुछ गोलियां भी चलाईं।

यू-ट्यूब देखकर युवक ने खुद का किया ऑपरेशन, फिर पेट में हाथ डालकर देखा

एजेंसी ▶▶| मथुरा

मथुरा में पेट दर्द से परेशान 32 साल के युवक ने खुद ही अपना ऑपरेशन कर लिया। यूट्यूब देखकर उसने ऑपरेशन का तरीका सीखा, फिर इंटरनेट पर एनेस्थेसिया इंजेक्शन के बारे में पढ़ा। इसके बाद घर के पास से 200 मीटर दूर मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन, सर्जिकल ब्लेड और दवा घर पर आकर पेट में दर्द वाली जगह पर ब्लेड से 7 सेंटीमीटर चीर दिया। फिर हाथ डालकर देखा, लेकिन जब कुछ समझ में नहीं आया तो खुद ही सुई-धागे से सिलाई कर ली, लेकिन कुछ घंटे बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, तो उसने यह बात अपने भतीजे को बताई। भतीजा उसे लेकर संयुक्त चिकित्सालय पहुंचा। जब डॉक्टर को पूरी बात बताई तो डॉक्टर भी हैरान रह गए। डॉक्टरों ने प्राइमरी इलाज के बाद उसे आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

वृंदावन के सुनरख गांव निवासी राजाबाबू ने बीबीए की पढ़ाई की है। अभी खेती करता है। उसने बताया कि 18 साल पहले मैंने अपेंडिक्स का ऑपरेशन करवाया था, लेकिन कुछ दिनों से मेरे पेट में फिर से दर्द होने लगा। मैंने कई डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन आराम नहीं मिला। अल्ट्रासाउंड समेत कई तरह की जांचें कराईं, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मंगलवार को ज्यादा दर्द होने लगा। इसके बाद मैंने यूट्यूब पर ऑपरेशन करने के वीडियो देखे, फिर इंटरनेट पर एनेस्थेसिया के बारे में पढ़ा। पास वाली मेडिकल से इंजेक्शन और दवाएं खरीदकर लाया। पहले इंजेक्शन लगाया, फिर जहां पर दर्द होता था, उस जगह को ब्लेड से चीर दिया। इसके बाद हाथ डालकर देखा तो वहां लोहे का तार जैसा लगा। उसे निकालने की कोशिश की तो नहीं निकला। इसके बाद कुछ समझ में नहीं आया तो सुई-धागे से पेट को सिल दिया। बाद में घर वालों को बताया तो ये लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। अब हम पूरी तरह से ठीक हैं।

दर्द से परेशान था, ऑपरेशन के बाद सुई-धागे से पेट की सिलाई की

युवक ने 7 सेंटीमीटर का चीरा लगाया

संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टर शशिरंजन ने बताया कि युवक जब आया था तो उसकी हालत ठीक नहीं लग रही थी। उसने अपने हाथ से पेट में सात सेंटीमीटर का चीरा लगाया था। साथ ही प्लास्टिक के धागे से 11 टांके लगाए थे। इससे उसके पेट में संक्रमण भी फैल सकता था। उसने कई साल पहले अपेंडिक्स का ऑपरेशन कराया था, जिसकी वजह से उसे दर्द रहता था। फिलहाल उसे एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा में रेफर कर दिया गया है।

एंबुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत का मामला

चीफ जस्टिस ने कहा- क्या कर रहे हैं जिम्मेदार अफसर

कोर्ट ने कहा सरकार की योजना का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई है। राज्य सरकार की मुफ्त की योजनाएं हैं फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव को हलफनामा पेश करने कहा है।

हाईकोर्ट ने दंतेवाड़ा में एम्बुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत और बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कैंसर पीड़ित महिला का शव ले जाने एम्बुलेंस सुविधा नहीं मिलने को लेकर सुनवाई शुरू की है। पिछले मंगलवार को रायपुर से बिलासपुर आकर यहां से बुढार जाने के लिए ट्रेन में सफर कर रही एक कैंसर पीड़ित महिला रानी बाई की मौत हो गई। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर शव को उतारकर कुली की मदद से उन्हें स्ट्रेचर से गेट नंबर एक के बाहर तक लाया। वहां पर एम्बुलेंस का ड्राइवर गायब था। थोड़ी देर बाद वह आया, लेकिन बॉडी ले जाने से मना कर दिया। महिला के परिजनों के परिचितों के जरिए दूसरे एंबुलेंस का इंतजाम किया और वहां से एक घंटे बाद रवाना हो गए। उन्हें बिलासपुर से शाम वाली ट्रेन पकड़कर बुढ़ार जाना था।

11 घंटे तक नहीं पहुंची एम्बुलेंस

वहीं दंतेवाड़ा जिले के गीदम में 11 घंटे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंचने के कारण इलाज में देरी हुई, जिससे मरीज की मौत हो गई। इस दौरान परिजन बार-बार 108 को कॉल करते रहे। लेकिन सुबह के बजाए एम्बुलेंस रात में आई। इसके चलते मरीज की जान चली गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया।

मनोरोग चिकित्सक, अन्य स्टाफ की नियुक्ति में देरी, कोर्ट खफा

बिलासपुर। राज्य मानसिक चिकित्सालय में मनोरोग चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ की नियुक्ति को लेकर कई बार निर्देश देने के बावजूद देरी हो रही है। नियुक्ति में देर को लेकर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले में मुख्य सचिव से जवाब पेश करने कहा है। हाईकोर्ट में लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से लगातार नियुक्ति के विषय में 22 अगस्त 2024 से लेकर चार बार सुनवाई और आदेश के परिपालन नहीं होने की बात कही। वहीं मीडिया रिपोर्ट 180 मरीजों को संभाल रहे सिर्फ दो वार्ड ब्वाय को स्वतः संज्ञान में लेते हुए नाराजगी जताई है। प्रदेश के एकमात्र मानसिक चिकित्सालय में चिकित्सकों व स्टाफ की कमी को लेकर एक अन्य जनहित याचिका दायर की है। वहीं इस मामले में दायर दो याचिकाओं की सुनवाई हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में एक साथ चल रही है। पिछली सुनवाई दौरान राज्य शासन ने डिवीजन बेंच के समक्ष जवाब पेश किया था। इसमें जानकारी दी थी कि मानसिक रोगी चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर 200 की जा रही है। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी भी दूर करने का निर्णय लिया गया है। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों ने डिवीजन बेंच को जानकारी दी थी कि विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाएगी।

सेना की बढ़ेगी ताकत, सात हजार करोड़ के स्वदेशी तोप सौदे पर मुहर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक हालिया बैठक में भारतीय सेना के लिए स्वदेशी तोपों (उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, एटीएजीएस) की खरीद से जुड़े हुए 7 हजार करोड़ रुपए के एक बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी प्रदान की गई है। जो इन स्वदेशी होवित्जर जैसी तोपों के देश के अंदर निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। समझौते के तहत कुल 507 तोपों की उन्हें उठाने वाले वाहनों के साथ सेना के लिए खरीद की जाएगी। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इससे जुड़े हुए समझौते को करीब दो साल पहले ही अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी थी।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com